● जयपुर, शुक्रवार, 17 मई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 261 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार
"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 राजस्थान की भाजपा सरकार ने राजस्थान के महान नेताओं को आदर एवं...
पेज @4 इंडिया फर्स्ट हार्ट फर्स्ट अभियान के दूसरे चरण में ग्लेनमार्क का...
पेज @8 सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग– मिशन कर्मयोगी का सभी विभाग पूर्ण लाभ...

डॉ कमला बेनीवाल अमर रहे के नारों से गूंज उठा वातावरण

नम आंखों से बेटे आलोक बेनीवाल ने दी मुखाग्नि

# पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री रही डॉ. कमला बेनीवाल की पार्थिव देह पंचतत्व में हुई विलीन

## लालकोठी मोक्षधाम में धार्मिक विधि-विधान से गुरुवार को किया गया अंतिम संस्कार

### सीएम भजनलाल शर्मा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित वरिष्ठ राजनेताओं ने पार्थिव देह पर अर्पित की पुष्पांजलि





● **राहुल गांधी ने भी डॉ. कमला के निधन पर संवेदना जताई है**

चमकता राजस्थान

जयपुर. !(खलील कुरैशी) गुजरात, मिजोरम और त्रिपुरा की राज्यपाल रहीं और प्रदेश की पहली उप मुख्यमंत्री डॉ. कमला की पार्थिव देह गुरुवार को पंच तत्व में विलीन हो गई. उनकी अंतिम यात्रा मालवीय नगर स्थित उनके निवास से रवाना होकर लालकोठी मोक्षधाम पहुंची. जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया. उनके बे-टे आलोक बेनीवाल ने उन्हें मुखाग्नि दी.इस मौके पर पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, बीडी कल्ला सहित कांग्रेस-भाजपा के कई अन्य नेता भी मौजूद रहे. इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित राजनीति से जुड़ी कई बड़ी शख्सियतों ने उनके निवास पर जाकर उनकी पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित की गौरतलब है कि स्वर्गीय डॉ. कमला बेनीवाल कांग्रेस की वरिष्ठ एवं कद्दावर नेता तथा सात बार विधायक बन कर कई महत्वपूर्ण विभागों की मंत्री भी रह चुकी थी, डॉ. कमला का बुधवार को निधन हो गया था. उन्होंने बुधवार शाम को फोर्टिस अस्पताल में आखिरी सांस ली. इसके बाद उनकी पार्थिव देह मालवीय नगर स्थित उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखी गई आपको बता दें सुबह से बड़ी संख्या जनप्रतिनिधि, समाजसेवी अधिकारी और कर्मचारी परिवारजन, रिश्तेदारबंधु तथा उनके समर्थक 5/1 मालवीय नगर जयपुर निवास पर पहुंचे. यहां उन्होंने डॉ कमला बेनीवाल की पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देकर डॉ. कमला के बे-टे पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल और अन्य परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और उनका ढांढस बंधाया.

राहुल गांधी ने भी डॉ. कमला के निधन पर प्रकट करी अपनी संवेदनाएः कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी डॉ. कमला के निधन पर संवेदना प्रक-ट की है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में लिखा, महान स्वतंत्रता सेनानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व राज्यपाल और राजस्थान की पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. कमला बेनीवाल के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है और कांग्रेस पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है. इस दुख के समय में सभी शोकसंतप्त परिजनों को मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं. देश के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण हमें सदा प्रेरित करती रहेंगी.

● **सीएम भजनलाल शर्मा ने डॉ कमला के पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित कर बंधाई परिवारजनों को सात्वना**

अंतिम संस्कार से पहले उनके आवास पर डॉ कमला बेनीवाल के पार्थिव देह को अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया था, जहां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मंत्री और भाजपा लालचंद कटारिया, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, सहित बड़े नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, जयपुर ग्रामीण लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता राजेंद्र यादव, लालचंद कटारिया, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरआर तिवाड़ी, पूर्व विधायक इंद्रराज गुर्जर और पूर्व विधायक महादेव खंडेला सहित कई जनप्रतिनिधि अंतिम संस्कार में शामिल हुए।



● **कांग्रेस के झंडे में लपेटकर दी गई अंतिम विदाई**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में आमेर से कांग्रेस विधायक प्रशांत, किशनगढ़ से कांग्रेस विधायक विकास चौधरी जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं हवामहल विधायक प्रत्याशी आर. आर. तिवाड़ी, मालवीय नगर विधायक प्रत्याशी अर्चना शर्मा, जिला परिषद सदस्य मोहन डागर बालकृष्ण खिंचीं समेत कांग्रेस नेताओं ने लंबे समय तक राजस्थान कांग्रेस की सियासत का बड़ा चेहरा रहीं कमला बेनीवाल को कांग्रेस के झंडे में लपेटकर अंतिम विदाई दी गई। इसके साथ ही कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने डॉ कमला बेनीवाल की अंत्येष्टि पर राजकीय सम्मान नहीं देने पर प्रदेश भाजपा सरकार पर ट्वीट करके सवाल उठाये

● **दाह संस्कार में यें रहे मौजूद**

आलोक बेनीवाल-सविता बेनीवाल (पुत्र-पुत्रवधु), डॉ. आभा चौधरी, डॉ. राघवेन्द्र चौधरी, डॉ. अलका, डॉ. अमिता गिल, डॉ. ओमप्रकाश गिल, अरुणिया चौधरी, कर्नल राजेन्द्र चौधरी (पुत्री दामाद) अभिजित आलोक (पौत्र), अदिति (पौत्री), विकास चौधरी (पौत्री दामाद), समस्त बेनीवाल परिवार व मान परिवार (पीहर पक्ष) शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश के सभी कोने से आयें हुए सर्व समाज के मंत्री, विधायकगण ,जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी समाजसेवी,समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहें

## ताजा खबर

### ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ की सुप्रीम कोर्ट में शिकायत

**नई दिल्ली/एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस बयान को सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में लाया, जिसमें उन्होंने लोगों से कहा था कि अगर वे चाहते हैं कि वह फिर से जेल न जाएं, तो आम आदमी पार्टी (आप) को वोट दें।

ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ से कहा कि इस तरह का बयान सीधे तौर पर सिस्टम पर तमाचा है। पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता भी शामिल थे।

एसजी मेहता ने सीएम केजरीवाल के उस भाषण का जिक्र किया, जिसमें आप सुप्रीमो ने कहा था कि अगर लोग झाड़ू चुनाव चिन्ह के लिए वोट करेंगे, तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा। मेहता ने कहा, केजरीवाल कहते हैं, अगर आप मुझे वोट देंगे तो मुझे दो जून को जेल नहीं जाना पड़ेगा। ऐसा कैसे हो सकता है? पीठ ने कहा,हमारा आदेश बहुत स्पष्ट है। हमने टाइमलाइन यानी रिहाई और सरेंडर की तारीखें तय कर दी हैं। हम किसी को कोई छूट नहीं दे रहे हैं।

एसजी मेहता ने कहा,उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। यह सिस्टम पर तमाचा है और मैं इस पर आपत्ति जताता हूं।

इसके जवाब में सीएम केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि केंद्र के कई वरिष्ठ मंत्रियों ने उनके मुवक्किल के खिलाफ तरह-तरह के बयान दिए हैं।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर शहर में पुराने सेनेट्री सामग्री में बड़ा घोटाला

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग में पुराने सेनेट्री सामग्री में बड़ा घोटाला सामने आया है , सूत्रों से मिली सूचना के अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर शहर में राजकीय आवास /ग़ैर आवासीय भवनों में संवेदकों द्वारा सेनेट्री कार्यों के टेण्डर अत्यधिक कम दरों में लेने के पश्चात वही पुरानी सेनेट्री सामग्री काम में ले कर कार्य की ख़ानापूर्ति कर दी जाती है ! जिससे विभाग को करोड़ों रुपय की राजस्व की हानि होती है साथ ही विभाग की छवि भी ख़राब होती है!

ज्ञात हो कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त-शहर जयपुर के अधीन पीडब्लूडी कैंपस,सचिवालय,सिविल लाइन ,एसएमएस हॉस्पिटल,मेडिकल कॉलेज ,गांधी नगर जैसी महत्वपूर्ण आवास/ग़ैरआवासीय बिल्डिंग है!

● **एमएस रजिस्टर भी अधूरा**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सभी पुरानी सैनेट्री सामग्री के रिकॉर्ड के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग की प्रत्येक चौकी पर एक एमएस रजिस्टर बनाया जाता है सार्वजनिक निर्माण विभाग की चौकियों पर भी रजिस्टर में भी कई सालों से सही तरीक़े से एंट्री नहीं की जा रही है!

नियमों के अनुसार प्रत्येक सैनेट्री कार्यादेश में काम लाई गई सैनेट्री संबंधित सामग्री की ख़रीद के बिल की प्रति संवेदक से ली जानी आवश्यक है साथ ही प्रस्तुत बिल द्वारा ख़रीदी गई सामग्री का उपयोग भुगतान बिल से संबंधित कार्योंदेश में ही हुआ है यह भी बताना आवश्यक है। कार्य उपरांत निकली पुरानी सैनेट्री कार्यों संबंधित सामग्री संवेदक से प्राप्त कर स्टोर में जमा करवाई जानी चाहिए यही नहीं संवेदक द्वारा स्टोर में जमा नहीं करवाने की स्थिति में निकाली गई पुरानी सभी सैनेट्री सामग्री की राशि संवेदक के बिल से घटाकर भुगतान करना चाहिए!

लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर शहर इन नियमों को दरकिनार कर बिलों का भुगतान कर करोड़ों रुपये की राजस्व की हानि पहुँचा रहा है!

इसी हानि के मद्देनज़र मुख्य अभियंता (भवन) सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान जयपुर ने दिनांक 28-3-2024 को एक आदेश निकाला था!

### मुख्य अभियंता (भवन ) सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान जयपुर द्वारा निकाला गया आदेश

मुख्य अभियंता (भवन )सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान जयपुर द्वारा दिनांक 28-03-2024 को निकाले गए आदेश के अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग में राजकीय आवास /ग़ैर आवासीय भवनों में संवेदकों द्वारा सेनेट्री कार्यों के टेण्डर अत्यधिक कम दरों पर लिए जाते हैं तथा भवनों में कार्य संपादन के दौरान कई कमी छोड़ देते हैं इससे विभाग की छवि ख़राब होती है तथा कार्य का संपादन भी सही तरीक़े से नहीं होता है अतः इस क्रम में समस्त अधीक्षण अभियंताओं / अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया जाता है कि आप के क्षेत्राधिकार में राजकीय भवनों या आवासीय भवनों में सैनेट्री कार्यों के संबंध में निम्न बिन्दुओं की पालना सुनिश्चित करें!

» (1) प्रत्येक सैनेट्री कार्यादेश में काम ले लाई गई सैनेट्री संबंधित सामग्री की ख़रीद के बिल की प्रति संवेदक से लेकर प्रमाण पत्र लिया जावें की प्रस्तुत बिल द्वारा ख़रीदी गई सामग्री का उपयोग भुगतान बिल से संबंधित कार्यादेश में ही हुआ है !

» (2) कार्य उपरांत निकली पुरानी सैनेट्री कार्यों संबंधित सामग्री संवेदक से प्राप्त कर स्टोर में जमा करवाई जाए या संवेदक द्वारा स्टोर में जमा नहीं करवाने की स्थिति में निकाली गई पुरानी सभी सैनेट्री सामग्री की राशि संवेदक के बिल से घटाकर भुगतान किया जावे

» (3) सैनेट्री कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित की जावे। उपरोक्त सभी बिंदुओं की अनुपालना करने के बाद ही समवेदक को बिल भुगतान किया ज़ावे। लेकिन इस आदेश को दरकिनार कर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी राजस्व की हानि करने में नहीं चूक रहे हैं।


कार्यालय मुख्य अभियन्ता (भवन), सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान, जयपुर
क्रमांक : CE/SE(B)/EE-V/2023-24/D-/261 दिनांक : 28.03.2024
परिपत्र

# 'चाबहार' की उपलब्धि को छोटा करके मत आंकिए!

भारत ने अगले दस वर्षों के लिए ईरान के 'चाबहार बंदरगाह' को संचालित करने का अपने लिए अधिकार सुरक्षित कर लिया। इस संबंध में जैसे ही दोनों देशों के बीच अनुबंध पर अंतिम हस्ताक्षर हुए दुनिया के कई देशों को मिर्ची लग गई। ऐसा नहीं है कि भारत में दूसरे देशों के एजेंट नहीं हैं, इस प्रकार के अनेक लोग इसे एक समान्य बात कहकर इसके प्रभाव को नष्ट करने में लग गए, किंतु यह आज सभी को समझना होगा कि 'चाबहार' भारत के लिए आनेवाले समय में अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में एक बड़ा कदम है। ओमान की खाड़ी पर दक्षिणपूर्वी ईरान में स्थित यह बंदरगाह भारत के लिए अत्यधिक महत्व इसलिए भी रखता है, क्योंकि यह अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार प्रदान करता है। कहना होगा कि मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में वह कर दिखाया है जिसकी प्रतीक्षा भारत पिछले 21 सालों से कर रहा था। फिर इस एक बंदरगाह को लेकर जो वैश्विक कूटनीतिक चाल भारत ने चली है, उससे दुनिया के सभी बड़े देश आश्चर्य में हैं। विरोधी दुखी हैं और चीन जैसे विस्तारवादी देश को नहीं सूझ रहा है कि भारत के इस कदम का जवाब कैसे दिया जाए। दूसरी ओर इस कदम की सफलता तब सामने आई है, जब मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया में प्रमुख व्यापार मार्ग क्षेत्रीय संघर्षों के कारण बाधित हो गए हैं, जिससे कि नए सिरे से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया जाना आवश्यक हो गया है। वस्तुतः वैश्विक स्तर पर इसका भारत को मिलनेवाला जो सबसे बड़ा लाभ आज दिखता है, वह है मध्य पूर्वी देशों से रिश्तों मे गर्माहट का आना और उसके माध्यम से भारत की व्यापारिक गतिविधि का इन देशों में बढ़ जाना। स्वभाविक है कि इससे सबसे ज्यादा लाभ भारत के उन तमाम लोगों को होगा जोकि रोजगार के लिए प्रयासरत हैं। सिर्फ 'चाबहार' से ही अकेले प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाखों लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। क्योंकि इससे कई देशों के साथ भारत की व्यापारिक सुगमता बढ़ेगी, उससे पूर्व की तुलना में एक तो माल ढुलाई की लागत में कमी आने जा रही है तो दूसरी ओर देश में अनेक कंपनियां जो विविध सामान (उपभोक्ता सामग्री) तैयार कर रही है, उसके लिए जल्दी-जल्दी बाजार उपलब्ध होना सुगम हो जाएगा। वैसे देखा जाए तो इसके महत्व को 2003 में अटल सरकार ने पहचान लिया था और इस बंदरगाह को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार की ओर से प्रयास भी शुरू कर दिए गए थे लेकिन तभी अटल सरकार बदल गई और इसी के साथ जैसे इस समझौते को भी ग्रहण लग गया था। केंद्र में कांग्रेस की सत्ता रहते दस वर्षों तक इस पर कोई काम नहीं हुआ। यह भी हो सकता है कि कांग्रेस पाकिस्तान को लगातार लाभ पहुंचाना चाहती हो या वह चीन एवं अमेरिका जैसे देशों को नाराज करना नहीं चाहती हो, किंतु दोनों ही स्थिति में इतने सालों तक नुकसान भारत का ही हुआ है।

कोई पूछ सकता है कि कांग्रेस की तत्कालीन मनमोहन-सोनिया सरकार पाकिस्तान को कैसे लाभ पहुंचाना चाहती थी, तो इसका जवाब यह है कि पहले भारत को मध्य एशिया के देशों से व्यापार करने के लिए पाकिस्तान के रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ता था। यहां तक की अफगानिस्तान तक भी कोई सामान भेजने के लिए भारत को पाकिस्तान से होकर जाने वाले रास्ते का ही इस्तेमाल करता था। स्वभाविक है कि इससे पाकिस्तान को अत्यधिक आर्थिक लाभ मिलता था, पर अब सब कुछ बदल रहा है। भारत और ईरान के बीच 'चाबहार' को लेकर समझौता होने के बाद की स्थिति में अफगानिस्तान और सेंट्रल एशिया से बिजनेस के लिए भारत को नया रूट मिल गया है। अब इन देशों तक पहुंचने के लिए पाकिस्तान से होकर नहीं, जाना होगा। वास्तव में मोदी सरकार ने यह एक बड़ा काम किया कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आते ही 'चाबहार' पर नए सिरे से चर्चाएं शुरू कर दीं, जिसका सुखद परिणाम यह आया कि इस बंदरगाह समझौते की एक नई शुरुआत 2016 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की ईरान यात्रा के दौरान फिर से हो सकी। फिर 2018 में मोदी सरकार ने ईरान के साथ मिलकर बंदरगाह में भारत की भूमिका का विस्तार करते हुए समझौते को औपचारिक रूप दिया गया। जिसमें कि भारत और ईरान ने चाबहार के शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के संचालन के लिए दोनों देशों के बीच एक अनुबंध अगले 10 साल के लिए किया गया है, जिसमें कि इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के पोर्ट्स एंड मेरिटाइम ऑर्गनाइजेशन ने समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ ही भारत विदेश में मौजूद किसी बंदरगाह का प्रबंधन अपने हाथ में लेने की पहली शुरुआत भी कर देता है।

कूटनीतिक स्तर पर इसे देखें तो भारत का यह कदम चीनी सहायता से विकसित पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के विकल्प के रूप में भी काम करता है। चाबहार और ग्वादर के बीच समुद्र से केवल 72 किलोमीटर की दूरी है, लेकिन चाबहार बंदरगाह रणनीतिक रूप से अधिक अहम है, क्योंकि यह मध्य एशियाई क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने के भारत के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही वर्तमान में चाबहार बंदरगाह को आप भारत की महत्वाकांक्षी अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) परियोजना यानी कि इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के एक प्रमुख घटक के रूप में भी देख सकते हैं। यह कॉरिडोर हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के ज़रिये कैस्पियन सागर को जोड़ता है और फिर रूस से होते हुए उत्तरी यूरोप तक पहुंच बनाता है। इसके तहत ईरान, अज़रबैजान, आर्मेनिया, कजाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्किये, यूक्रेन, बेलारूस, ओमान, सीरिया, बुल्गारिया और रूस के सड़क एवं रेल मार्ग भी जुड़ जाएंगे। इस कॉरिडोर के शुरू होने से रूस, ईरान, मध्य एशिया, भारत और यूरोप के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और वस्तुओं की आवाजाही में समय और लागत की बचत होगी। जिससे भारत का व्यापार कई हजार करोड़ रुपये तक बढ़ जाएगा। इस एक डील के होने पर ही अमेरिका से लेकर चीन और चीन से लेकर पाकिस्तान तक कई देश परेशान दिख रहे हैं। अमेरिका डील के बाद भारत पर प्रतिबंध लगाने तक की धमकी देता हुआ दिखता है। इस एक निर्णय को आप चीन के बेल्ड एंड रोड इनिशिएटिव के लिए भारत के जवाब के तौर पर भी देख सकते हैं। इस बंदरगाह का इस्तेमाल करने की वजह से मध्य एशिया के दूसरे कई देशों में पाकिस्तान की महत्ता भी कम होती दिखती है। इसके साथ ही एक अच्छी खबर यह है कि मोदी सरकार के रहते भारत चाबहार बंदरगाह समझौते के अलावा, बंगाल की खाड़ी में म्यांमार के सिटवे बंदरगाह का नियंत्रण लेने के लिए इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल के एक प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है, जिससे इस क्षेत्र में अपनी समुद्री उपस्थिति और व्यापार नेटवर्क का और अधिक विस्तार करना भारत के लिए संभव होगा। स्वाभाविक है कि चारो ओर से आ रहीं भारत के लिए इन अच्छी खबरों ने आज दुनिया के कई देशों की नींद उड़ाकर रख दी है।

# झूठे वायदों एवं वादों से चुनाव को बचाना होगा



ललित गर्ग

लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं, पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य-आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिशयोक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेज़ी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है।

आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पर्दापाश पहले ही हो गया है। 'आप' ने अपने कामकाज के तरीके में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया



निशान लग रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं। जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडम्बना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतूके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरुआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के 5 किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव ज़रूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से गरीबी नहीं हटी क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम गरीबों तक पहुंची ही नहीं। अतीत गवाह है विगत दावों और वादों की हकीकत का। हालांकि यह देखना बाकी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी इंडिया' गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है। ऐसे अतिशयोक्तिपूर्ण बयान कभी सच होते हुए नहीं देखें गये हैं। निश्चित ही चुनाव परिणाम भविष्य के गर्भ में है एवं इसकी 4 जून को घोषणा सभी के लिये आश्चर्यकारी एवं चमत्कृत करने वाली होगी। देश का अगला प्रधानमंत्री चुनने के लिए चार चरणों की वोटिंग पूरी हो चुकी है। लोकसभा की कुल 543 सीटों में 380 सीटों के लिए वोट डाले चुके हैं। इन चार चरणों की वोटिंग के बाद हर राजनीतिक दल हवा का रुख भांपने को कोशिश कर रहा है लेकिन उनका यह आकलन सत्य से परे हो, बिलकुल ही आधारहीन हो, इसे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये अनुकूल नहीं माना जा सकता। यहां सत्ताधारी भाजपा से लेकर विपक्षी कांग्रेस सभी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन चार चरणों में 270 सीटें जीतने का दावा करते हुए 400 का टार्गेट आसानी से पूरा करने की बात कही, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है।

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो वायदें किये, उन्हें पूरा किया। 1990 के दशक और 21वीं शताब्दी के शुरुआती सालों में भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने के वादे के साथ सत्ता में आई एवं उसने मन्दिर बना दिया। भाजपा ने ख़ुद को पार्टी विद डिफरेंस कहकर भी प्रचारित किया और जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को ख़त्म करने का वादा भी किया। उसने वह भी पूरा किया। पिछले 10 वर्षो में देश ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी है, उसे देश एवं दुनिया खुली आंखों से देख रही है। फिर भी चुनाव का समय मतदाताओं के जागने एवं विवेक से अपना मतदान करने की अपेक्षा करता है। लोकतंत्र में मतदाताओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे चुनाव के अवसर पर राजनीतिक दलों की परख करें। झूठों एवं दुष्टों की एकजुटता ही जगत में कष्टों की वजह है एवं लोकतंत्र को कमजोर करने का बड़ा कारण है। जब तक ईमानदार एकजुट नहीं होंगे, तब तक जगत की कोई समस्या हल नहीं होगी।

और ईमानदारों का एकजुट न होना दुष्टों एवं झूठों का असली बल है। कभी-कभी ऊंचा उठने, सत्ता पाने और भौतिक उपलब्धियों की महत्वाकांक्षा राष्ट्र को यह सोचने-समझने का मौका ही नहीं देती कि कुछ पाने के लिए उसने कितना खो दिया? और जब यह सोचने का मौका मिलता है तब पता चलता है कि वक्त बहुत आगे निकल गया और तब राष्ट्र अनिर्णय के ऊहापोह में दिग्भ्रमित हो जाता है। इस चुनाव को इस विम्बना से बचाना है।

# भारत सहित एशियाई देश देंगे इस वर्ष विश्व अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान



प्रहलाद सबनानी

वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। अभी तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकसित देशों का दबदबा बना रहता आया है। परंतु, अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 में भारत सहित एशियाई देशों के वैश्विक अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान होने की प्रबल सम्भावना है। एशियाई देशों में चीन एवं भारत मुख्य भूमिकाएं निभाते नजर आ रहे हैं। प्राचीन काल में वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 32 प्रतिशत से भी अधिक रहता आया है।

वर्ष 1947 में जब भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी उस समय वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 3 प्रतिशत तक नीचे पहुंच गया था क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को पहिले अरब से आए आक्राताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने बहुत नुक्सान पहुंचाया था एवं भारत को जमकर लूटा था। वर्ष 1947 के बाद के लगभग 70 वर्षों में भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था के योगदान में कुछ बहुत अधिक परिवर्तन नहीं आ पाया था। परंतु, पिछले 10 वर्षों के दौरान देश में लगातार मजबूत होते लोकतंत्र के चलते एवं आर्थिक क्षेत्र में लिए गए कई पारदर्शी निर्णयों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख लग गए हैं। आज भारत इस स्थिति में पहुंच गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024 में अपने योगदान को लगभग 18 प्रतिशत के आसपास एवं एशिया के अन्य देशों यथा चीन, जापान एवं अन्य देशों के साथ मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था में एशियाई देशों के योगदान को 60 प्रतिशत तक ले जाने में सफल होता दिखाई दे रहा है।

भारत आज अमेरिका, चीन, जर्मनी एवं जापान के बाद विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। साथ ही, भारत आज पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में तो भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना बन रही है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रही है, अक्टूबर-दिसम्बर 2023 को समाप्त तिमाही में तो आर्थिक विकास दर 8.4 प्रतिशत की रही है। इस विकास दर के साथ भारत के वर्ष 2025 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की प्रबल सम्भावना बनती दिखाई दे रही है। केवल 10 वर्ष पूर्व ही भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और वर्ष 2013 में मोर्गन स्टैनली द्वारा किए गए एक सर्वे के अनुसार भारत विश्व के उन 5 बड़े देशों (दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंडोनेशिया, टर्की एवं भारत) में शामिल था जिनकी अर्थव्यवस्थाएं नाजुक हालत में मानी जाती थीं।

आज भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। साथ ही, वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में लगातार तेज वृद्धि आंकी जा रही है, जिससे भारत के वित्तीय संसाधनों पर दबाव कम हो रहा है और भारत पूंजीगत खर्चों के साथ ही गरीब वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए वित्त की व्यवस्था आसानी से कर पा रहा है। केंद्र सरकार के बजट में न केवल वित्तीय घाटा कम हो रहा है बल्कि आने वाले समय में केंद्र सरकार को अपने सामान्य खर्च चलाने के लिए ऋण लेने की आवश्यकता भी कम पड़ने लगेगी।

दूसरे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपये की कीमत लगातार स्थिर बनी हुई है, जिससे विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास भी बढ़ रहा है और भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है। तीसरे, भारत में मुद्रा स्फीति पर भी तुलनात्मक रूप से नियंत्रण पाने में सफलता मिली है। अन्य देश अभी भी मुद्रा स्फीति की समस्या से जूझ रहे हैं। आर्थिक क्षेत्र में उक्त कारकों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक बने रहने की प्रबल सम्भावनाएं बनी रहेंगी। इसके ठीक विपरीत, जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर या तो मंदी के दौर से गुजर रहीं हैं अथवा विकास दर बहुत कम अर्थात एक-दो प्रतिशत से भी कम बनी हुई है। भारत के स्टील उद्योग, सिमेंट उद्योग एवं ऑटोमोबाइल निर्माण के क्षेत्र ने 10 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल कर ली है। डिजिटल आधारभूत ढांचे के निर्माण के क्षेत्र में तो भारत विश्व गुरु बन गया है और इससे आज भारत में 13400 करोड़ से अधिक के डिजिटल व्यवहार हो रहे हैं जो पूरे विश्व के डिजिटल व्यवहारों का 46 प्रतिशत है। जन-धन योजना के अंतर्गत खोले गए 50 करोड़ से अधिक बैंक खातों में आज 2.32 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा हो चुकी है, जो देश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रही है। वर्ष 2013-14 से वर्ष 2022-23 के दौरान मुद्रा स्फीति की औसत दर 5 प्रतिशत की रही है जो वर्ष 2003-04 से वर्ष 2013-14 के दौरान औसत 8.2 प्रतिशत की रही थी। मुद्रा स्फीति कम रहने का सीधा लाभ देश के गरीब वर्ग को मिलता है। साथ ही, अब तो आर्थिक विकास के साथ ही भारत में रोजगार के भी पर्याप्त अवसर निर्मित होने लगे हैं। स्कोच नामक संस्थान द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारत में वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के दौरान 51.4 करोड़ व्यक्ति वर्ष के नए रोजगार निर्मित हुए हैं। इसमें केंद्र सरकार द्वारा किये गए सीधे प्रयासों के चलते 19.79 करोड़ व्यक्ति वर्ष के रोजगार के अवसर भी शामिल हैं। शेष 31.61 करोड़ व्यक्ति वर्ष रोजगार के अवसर अपने व्यवसाय प्रारम्भ करने के उद्देश्य से बैंकों से लिए गए ऋण के चलते निर्मित हुए हैं। स्कोच नामक संस्थान द्वारा उक्त प्रतिवेदन 80 संस्थानों पर की गई रिसर्च (केस स्टडी) के आधार पर जारी किया गया है। सूक्ष्म एवं लघु स्तर के ऋण लेने वाले व्यक्तियों ने रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए हैं। इस प्रतिवेदन के अनुसार औसतन प्रत्येक सूक्ष्म संस्थान 6.6 रोजगार के नए अवसर निर्मित करता है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक के बाद अब मूडीज ने भी भारत में आर्थिक विकास के संदर्भ में बताया है कि आने वाले कुछ वर्षों तक भारत की आर्थिक विकास दर विश्व में सबसे अधिक बने रहने की प्रबल सम्भावना बनी रहेगी। इस प्रकार, एक के बाद एक विभिन्न वैश्विक आर्थिक संस्थान भारत में आर्थिक विकास दर के मामले में अपने अनुमानों को लगातार सुधारते और बढ़ाते जा रहे हैं। इस प्रकार, आगे आने वाले समय में भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान भी लगातार बढ़ता जाएगा और सम्भव है कि कालचक्र में ऐसा परिवर्तन हो कि भारत एक बार पुनः वैश्विक स्तर पर अपने आर्थिक योगदान को 32 प्रतिशत के स्तर तक वापिस ले जाने में सफल हो।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# चार चरणों के मतदान में उभरी प्रवृत्तियां दे रही हैं काफी संकेत



अवधेश कुमार

लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे होने के बाद कुल 543 स्थानों में से 379 का मतदान संपन्न हो चुका है। वस्तुतः अब तक तमिलनाडु, केरल, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक, असम, गोवा, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, पुद्दुचेरी , लक्षद्वीप ,अंडमान, दमन और दीव, दादरा एवं नगर हवेली में मतदान समाप्त हो गया है। इस तरह कुल 18 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान खत्म है। इनमें आठ राज्यों तथा दो केंद्र शासित प्रदेशों में बीजेपी कभी शक्तिशाली नहीं रही। पहले चरण में 102, दूसर में 88, तीसरे में 93 तथा चौथे चरण में 96 सीटों पर मतदान हुआ। अब केवल 164 स्थान का ही मतदान बाकी है। हालांकि अभी पंजाब, हरियाणा , दिल्ली जैसे राज्यों का मतदान बाकी है। बावजूद चुनाव से संबंधित मुद्दे, पार्टियों की रणनीतियां, मतदान की प्रवृत्तियां आदि काफी हद तक हमारे सामने आ चुके हैं। इसलिए लोकसभा चुनाव के अभी तक के मतदान के आधार पर कुछ स्पष्ट दिखती तस्वीरें तथा संकेतों और संदेशों को समझाना ज्यादा आसान हो गया है।

इस चुनाव में सबसे ज्यादा चर्चा मतदान प्रतिशत गिरने की प्रवृत्तियों का हुआ है। चौथे चरण का अंतिम मतदान प्रतिशत आने में समय लगेगा। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार तीसरे चरण में 65.68% मतदान हुआ, जबकि 2019 में इस चरण में 68.4% मतदान हुआ था। इसमें असम में सर्वाधिक 85.45 प्रतिशत, गोवा में 76.00 6%, बिहार में 59.15% और उत्तर प्रदेश में 57.55% मतदान हुआ। पहले चरण में 66.14% तथा दूसरे में 66.71% मतदान हुआ था। 2019 के लोकसभा चुनाव में पहले चरण में 69.4 3% और दूसरे में 69.6 4% मतदान हुआ था। इस तरह देखें तो पहले चरण में 3.3 प्रतिशत, दूसरे में करीब 2.9% एवं तीसरे चरण में 2.72% की कमी आई है। कुल मिलाकर मोटा – मोटी 2019 की तुलना में 3% मतदान राष्ट्रीय स्तर पर कम हुआ है। सामान्यतया राष्ट्रीय स्तर पर तीन प्रतिशत मतदान कम होना बहुत ज्यादा नहीं लगता, किंतु राज्यों के अनुसार देखें तो इनमें काफी उतार – चढ़ाव है। मसलन महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात, मध्यप्रदेश, केरल जैसे राज्यों में मतदान का प्रतिशत ज्यादा कम रहा। दूसरी ओर पूर्वोत्तर के लोगों ने भारी मतदान किया। पश्चिम बंगाल का लगभग 73 -744% मतदान भी अभी तक अच्छा है लेकिन यह पिछले चुनाव से काफी कम है। राज्यों के अंदर भी अलग-अलग क्षेत्र में कम और ज्यादा मतदान हुआ है। इसमें सबसे सबके दिमाग में यह प्रश्न कौंध रहा है कि किसके मतदाता कम संख्या में निकले?

परिणाम के पूर्व कोई भी भविष्यवाणी जोखिम भरी है। महिला मतदाताओं की संख्या के आधार पर पिछले लोकसभा चुनाव और राज्य विधानसभा चुनावों में माना जा रहा था कि जहां भी भाजपा है वहां इनका ज्यादातर मत उसे ही मिलता है। इस चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या असम और पश्चिम बंगाल में 83% से अधिक रही, आए जो देश में सबसे ज्यादा है। शेष जगह महिलाओं का मतदान सामान्य रहा और पुरुषों की तुलना में ज्यादातर जगह कम। इन सबके निश्चय ही निहितार्थ हैं। क्या हैं निहितार्थ? विपक्ष के दावों के बावजूद देश भर में यह नहीं देखा गया कि कहीं भी व्यापक स्तर पर जनता के अंदर नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता से हर हाल में उखाड़ फेंकने का सामूहिक वातावरण है। इसी तरह विपक्ष को केंद्र की सत्ता में स्थापित करना है ऐसा सामूहिक प्रखर भाव भी कहीं देखा नहीं गया। स्थानीय स्तरों पर भाजपा के नेताओं -कार्यकर्ताओं और समर्थकों के एक समूह में कई कारणों से उदासीनता और असंतोष दिखा है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के साथ बना हुआ स्वाभाविक अभूतपूर्व वातावरण निश्चित रूप से कमजोर पड़ा और चुनाव की अंतर्धारा में यह सशक्त रूप से सब जगह कायम नहीं रहा। ऐसा नहीं था कि लोगों ने 500 वर्षों के बाद मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा से भावनात्मक रूप से स्वयं को जोड़ा नहीं लेकिन उसे बनाए रखने के लिए उम्मीदवार, गठबंधन तथा अन्य सरकारी सम्मानों के लिए चयनित व्यक्तियों का व्यक्तित्व उसके अनुरूप होना चाहिए। अगर इनमें राममंदिर, हिंदुत्व और प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व की झलक नहीं होगी तो कार्यकर्ता और प्रतिबद्ध समर्थक चुनाव में करो या मरो के भाव से काम नहीं कर पाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर मतदान करना है तो चाहे बीजेपी हो या गठबंधन उनमें भी उस तरह की प्रखरता सामने दिखने चाहिए थी। बावजूद भाजपा के नेता ,कार्यकर्ता और प्रतिबद्ध समर्थक गुस्से और प्रतिशोध के भाव में एकमुश्त उसके विरुद्ध मतदान कर देंगे ऐसा मानने का ठोस आधार नहीं दिखता है। भाजपा विरोधी जितना प्रचार करें चार चरणों के चुनाव में इस तरह की व्यापक प्रवृत्तियों की रिपोर्ट नहीं है। हां, अप्रतिबद्ध मतदाता इधर से उधर जाते हैं और इस चुनाव में गए हैं। किंतु अभी तक की प्रवृत्तियों में ऐसा नहीं दिखा है कि दो लोकसभा चुनावों से भाजपा के साथ खड़े होने वाले मतदाताओं का बहुत बड़ा समूह बिल्कुल विपक्ष के साथ भाजपा को हराने की मानसिकता से चला गया। चुनाव प्रक्रिया आरंभ होने के बाद कांग्रेस से निकले नेताओं ने जिस तरह पार्टी को हिंदुत्व और राम मंदिर विरोधी घोषित किया उसका इतना अर्थ तो है ही कि यह मुद्दा मूर्त रूप में विद्यमान है। विपक्ष वैसे मुद्दों पर सरकार को घेरे जिनमें तथ्य हों और वे सच भी हों तो आम लोग प्रभावित होंगे। अभी तक के चुनाव में विपक्ष ने उन मुद्दों को सबसे ऊपर लाने की कोशिश की है जिनमें ज्यादातर सच नहीं है। उदाहरण के लिए भाजपा ने 400 सीटों का नारा इसलिए दिया कि वह संविधान और आरक्षण को खत्म कर सके। इसी तरह यह कि नरेंद्र मोदी सत्ता में आ गए तो आगे चुनाव नहीं होगा। यानी यह फासिस्ट और उच्च जातियों की मानसिकता वाली पार्टी है जो लोकतंत्र के अनुकूल व्यवस्था को रहने नहीं देगी। ये सब वही आरोप हैं जो संघ परिवार और भाजपा पर वर्षों से लगाए जाते रहे और हमेशा गलत साबित हुए। ऐसा नहीं है कि लगातार इस दुष्प्रचार से मतदाता बिल्कुल प्रभावित नहीं हुए लेकिन 10 वर्षों के शासनकाल में ऐसा नहीं हुआ जबकि पहले भी यही आरोप लगाया गया था। तो आगे होगा इस पर मतदाताओं का व्यापक समूह विश्वास नहीं कर सकता। लोगों के सामने यह सच भी है कि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद आरक्षण व्यवस्था को ज्यादा सुसंगत और तार्किक बनाया है। आर्थिक रूप से कमजोर की सूची में आरक्षण के लिए मुसलमान सहित सभी को शामिल किया है। संविधान दिवस की शुरुआत करने वाली पार्टी संविधान को खत्म कर देगी इस पर सहसा कौन विश्वास करेगा?

आप देखेंगे कि पहले चरण के साथ विपक्ष ने प्रकट और अप्रकट अल्पसंख्यकों के नाम पर मुसलमान से जुड़े उन मुद्दों को उभारा जिनके विरुद्ध प्रतिक्रिया में भाजपा की ताकत बढ़ती रही है। इस चुनाव का यह दुर्भाग्यपूर्ण पहलू है कि स्वयं मुसलमानों के अंदर पढ़े -लिखे और अगुवा वर्ग ने चुनाव को इस्लाम मजहब का विषय बनाया, इसके आधार पर पूरे समुदाय से भाजपा के विरुद्ध वोट करने कि सार्वजनिक अभियान चलाया है,पर किसी भी विपक्ष के नेता ने इसका विरोध नहीं किया। पहले चरण के बाद दूसरे, तीसरे और चौथे चरण तक यह विषय चरम पर पहुंचा और स्वयं प्रधानमंत्री एवं भाजपा की इसके विरुद्ध प्रतिक्रियाओं ने निश्चय ही मतदान को प्रभावित किया होगा। कुछ राज्यों विशेषकर तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश ,पश्चिम बंगाल और उड़ीसा में साफ दिख रहा है कि सनातन, हिंदुत्व, राम मंदिर मतदाताओं को प्रभावित करने वाला बड़ा कारक है और वहां की सत्तारूढ़ दलों के विरुद्ध प्रतिक्रिया में भाजपा को वोट मिला है। संदेशखाली बंगाल चुनाव को प्रभावित कर रहा है। बंगाल, उड़ीसा और तेलंगाना में भाजपा शानदार प्रदर्शन करें तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इसी तरह केरल और तमिलनाडु में भी उसका प्रदर्शन संतोषजनक हो सकता है। वस्तुतः सभी पार्टियों को चुनाव में परिपक्व लोकतांत्रिक व्यवहार का परिचय देना चाहिए था। महान सभ्यता - संस्कृति वाले इस देश के चरित्र को केंद्र में रखते हुए अर्थनीति, विदेश नीति ,रक्षा नीति, सामाजिक-सांस्कृतिक नीति आदि पर गंभीर बहस से चुनाव को सही पटरी पर लाया जा सकता था। प्रधानमंत्री ने स्वयं चुनाव अभियान की शुरुआत 2047 तक भाजपा को विकसित देश बनाने, अगले 5 वर्ष से लेकर सरकार में आने पर 100 दिन के एजेंडे की बात की। लेकिन संविधान और आरक्षण खत्म करने, लोकतंत्र का अंत करने, अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों के मजहबी अधिकार समाप्त कर देने के साथ अलग-अलग जातियां के समर्थन और विरोध जैसे आरोप इतने हाबी हो गए कि अंततः ये चुनाव का मुख्य मुद्दे हो गये। जो स्थिति हो गई है उसमें यह मानने का कोई कारण नहीं कि शेष तीन चरणों में ये मुद्दे नहीं रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन और रोड शो वास्तव में चुनाव को इनके साथ जातीय, स्थानीय और छोटा स्वार्थों वाले मुद्दों से निकालकर व्यापक राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य की पटरी पर लाने की कोशिश थी।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीमद भागवत कथा से शुरू हुई कलश एवं पोथी यात्रा लक्ष्मीनाथ मंदिर से आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय तक निकली

- बहा सनातन संस्कृति का धार्मिक रस, यात्रा में बड़ी संख्या में लिया स्थानीय निवासियों ने भाग



**चमकता राजस्थान। श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)** श्रीनगर आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय के मैदान में अनुरागी दास भवानी शंकर पाराशर के मुखारविंद से श्री लक्ष्मीनाथ भगवान के आशीर्वाद से श्रीमद भागवत कथा गुरुवार को शुरू हुई। कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा व पोथी यात्रा निकाली गई जिसमे बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु भी शामिल हुई। भागवत कथा के प्रथम दिवस की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके भागवत आरती और विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ कथा शुरू हुई। महाराज श्री ने भागवत कथा के महत्व का सुंदर वर्णन भक्तो के समक्ष किया। पोथी यात्रा व कलश यात्रा के दौरान पधारे महंत श्री शंकरदास जी महाराज (श्री नारायण धाम आश्रम,धानेश्वर) एवम् महंत श्री राम दुलारे जी महाराज (रायला) का आशीर्वाद सभी श्रद्धालुओ को मिला। महाराज श्री ने बताया कि भागवत केवल सुनो ही नहीं बल्कि भागवत की मानों भी। साहित्य वही है जो कृष्णा की सुने और उसको माने, गीता की सुनी और उसकी मानो भी माँ बाप गुरु की सुनो तो उनकी मानो भी तो आपके कर्म श्रेष्ठ होंगे जिससे आपको संसार की कोई भी वस्तु परेशान नहीं कर सकती। इस मौके पर सभी भगतजन मौजूद थे। प्रत्येक दिन कथा का समय रात्रि 7.30 बजे से 10.30 बजे तक का रखा गया हैं।

### पूर्व विदेश मंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** स्थानीय उपजिला चिकित्सालय में गुरुवार को पूर्व विदेश मंत्री कुं. नटवर सिंह के 95 वें जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं ने रक्तदान करते हुए हिस्सा लिया। इससे पहले विधिवत दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ हुआ। बाद में शिविद दौरान सामाजिक, व्यापारिक, राजनीतिक व शिक्षक संगठन कार्यकर्ताओं ने शिविर में हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। विधायक निजी सचिव गुड्डू सेवला ने शिविर दौरान 161 कार्यकर्ताओं की ओर से रक्तदान करनेव यूथ विंग की ओर से रक्तदान करने पर युवाओं को स्मृति चिंह व प्रशस्ति-पत्र देकर पुरुस्कृत करने के बारे में बताया। शिविर में नगर पालिकाध्यक्ष हरवती सिनसिनवार, उपप्रधान भूपेन्द्र फौजदार, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक पुष्पा उपाध्याय, पूर्व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शेरसिंह ढाडीवाला, विक्रम फौजदार, पार्षद सतीश बीलोंट, सरपंच संघ अध्यक्ष सुजान सिंह, पूर्व पार्षद अरबसिंह सौंख, अमित उपमन, मोहित जैन सहित भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधी मौजूद रहे।

### रामू चौधरी ने निभाया इंसान होने का फर्ज, जानवरो की सेवा के साथ साथ इंसानो की सेवा के लिए उठते हाथ

**चमकता राजस्थान । धौलपुर( रामदास तरुण)** धौलपुर हम आपको बता दें, कि एक के बाद एक, दो अलग-अलग प्रकरणों में एक्सीडेंट पीड़ितों को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में स्वयं अपनी गाड़ी से रामू चौधरी ने कराया भर्ती/ समाजसेवी रामू चौधरी धौलपुर से बाड़ी की तरफ अपनी कार से आ रहे थे तभी उन्होंने देखा कि धौलपुर से लगभग 15 किलोमीटर दूर दो बाइको का एक्सीडेंट हो गया था जिनकी हालत काफी गंभीर थी/ जिसमें राजबहादुर ठाकुर निवासी सरोठी रिटायर्ड सूबेदार की हालत अधिक गंभीर होने के कारण जिनको रामू चौधरी जी द्वारा उनकी पत्नी सहित जिला अस्पताल धौलपुर में के इमरजेंसी बाढ़ में भर्ती कराया तथा यह पर उपकार करने के बाद वह वापस बाड़ी आ रहे तो फिर से बीजेपी कार्यालय के सामने दूसरा एक्सीडेंट देखा/ उसकी भी हालत गंभीर थी जिनका नाम सुल्तान था/ उनको फिर दोबारा अपनी गाड़ी में लेकर जिला अस्पताल धौलपुर की तरफ गए तथा उनको भर्ती कराया/ जानवरों के साथ-साथ इंसानों की मदद करने का संदेश देने वाले रामू चौधरी प्रेरणा का स्त्रोत हैं/ हम सभी को भी जरूरत पड़ने पर इस तरह का फर्ज अदा करना चाहिए।



### टीकाराम जूली हरियाणा में चुनावी दौरे कर, निभा रहे कांग्रेस के स्टार प्रचारक की भूमिका



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी .)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली हरियाणा के चुनावी दौरे पर हैं। वे कांग्रेस के स्टार प्रचारक के तौर पर कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जूली ने गुरुवार को हरियाणा के हिसार लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश के समर्थन में हिसार लोकसभा क्षेत्र के बालसमंद, बुडाक, खारिया,बगला, दड़ौली, चूली कला, चूली खुर्द, चूली बागरिया, आलमपुर लाइन और झिरी में जनसभाओं को संबोधित किया। जूली ने कहा चौथे चरण के चुनाव के बाद भाजपा के गुब्बारे की हवा निकल गई है, अब बौखलाहट में भाजपाई नेताओं का भाषा पर नियंत्रण नहीं रहा है। जनता सच्चाई जान चुकी है। काठ की हांडी अबकी बार नहीं चढ़ पाएगी।

# राजस्थान की भाजपा सरकार ने राजस्थान के महान नेताओं को आदर एवं सम्मान करने की परम्परा को नहीं निभाया है, यह निंदनीय है: डोटासरा

चमकता राजस्थान



**जयपुर, अत्री कुमार दाधीच /** राजस्थान की पूर्व उप मुख्यमंत्री तथा गुजरात सहित अन्य प्रदेशों की पूर्व राज्यपाल स्व. श्रीमती कमला बेनीवाल के निधन पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने गुरुवार को प्रातः उनके निवास स्थान पर पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।
अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा गुजरात सहित तीन प्रदेशों की राज्यपाल रही श्रीमती कमला बेनीवाल की अंत्येष्टि पर राजस्थान सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा राजकीय सम्मान प्रदान नहीं करने पर आपत्ति दर्ज करवाते हुए कहा कि स्व. श्रीमती कमला बेनीवाल राज्य की प्रथम महिला मंत्री रही है, साथ ही राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर उन्होंने कार्य किया किन्तु राजस्थान की भाजपा सरकार ने उनकी अंत्येष्टि पर राजकीय सम्मान प्रदान नहीं कर प्रदेश की जनता का अपमान किया है तथा संवैधानिक पद पर रहे व्यक्तियों की अंत्येष्टि पर राजकीय सम्मान प्रदान करने की परम्परा का उल्लंघन किया है। डोटासरा ने कहा कि गुजरात के पूर्व राज्यपाल पण्डित नवल किशोर शर्मा के निधन पर दिनांक 08 दिसम्बर, 2012 को उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया तथा पुलिस की सशस्त्र टुकड़ी ने पूर्व राज्यपाल स्व. शर्मा को आखिरी सलामी दी थी। उन्होंने कहा कि स्व. नवलकिशोर शर्मा के सम्मान में राजस्थान की सरकार ने दौसा के मेडिकल कॉलेज का नामकरण पं. नवलकिशोर शर्मा के नाम पर किया था। इसी प्रकार पूर्व उप राष्ट्रपति स्व. भैरोसिंह शेखावत के निधन पर भी उनका अंतिम संस्कार पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ किया गया था तथा तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने उनके स्मृति स्थल के निर्माण हेतु भूमि आवंटित की थी। डोटासरा ने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने राजस्थान के महान नेताओं को आदर एवं सम्मान करने की परम्परा को नहीं निभाया है, यह निंदनीय है।

## एसीबी ने कसा शिकंजा

## नागौर में शिक्षा विभाग का सहायक प्रशासनिक अधिकारी तथा प्राईवेट व्यक्ति 2 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

चमकता राजस्थान



**जयपुर! (खलील कुरैशी) 16 मई, गुरूवार ।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर नागौर इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये उम्मेद सिंह, हाल सहायक प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) नागौर तथा शुभम गहलोत (प्राईवेट व्यक्ति), हाल होटल मालिक सालासर दरबार टी-स्टाल, बीकानेर रोड़, नागौर को परिवादी से 2 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया हैभ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की नागौर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मेरी 18 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर एसीपी (चयनित वेतनमान) के आदेश करवाने की एवज में उम्मेद सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) नागौर द्वारा 2 हजार रूपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी अजमेर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में एसीबी की नागौर इकाई की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्पना सोलंकी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपियान उम्मेद सिंह, हाल सहायक प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) नागौर तथा शुभम गहलोत (प्राईवेट व्यक्ति), हाल होटल मालिक सालासर दरबार टी-स्टाल, बीकानेर रोड़, नागौर को परिवादी से 2 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।
एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरविजन में आरोपियान से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टोल-फ्री हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हैंड्स्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

## फरसो में अग्नि पीडित परिवारों को राहत सामग्री वितरण

- समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता बने मददगार

चमकता राजस्थान



भरतपुर,(राजवीर सिंह) समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने बयाना उपखण्ड क्षेत्र के गांव फरसो के अग्नि पीडित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री स्वीकृत की, जिस राहत सामग्री को पीडित परिवारों के गांव व घर पहुंच कर किया गया। पीडित परिवार एवं गांव के लोग राहत सामग्री प्राप्ति पर मददगार सीताराम गुप्ता व उनकी टीम की सराहना करने लगे।
फरसो के सरपंच देवी सिंह ने कहा कि पीडित परिवार की कष्ट की घडी में मदद करने वाला व्यक्ति नेक इंसान एवं ईश्वर का परम सेवक होता है और पीडित व्यक्ति का मददगार। सरपंच प्रतिनिधि दिनेश सिंह ने कहा कि मुसीबत कभी भी आ सकती है, जिसका सामना करें और ईश्वर पर विश्वास कम करें। निदेशक सीताराम गुप्ता व उनकी टीम ने अग्नि पीड़ित परिवारों की मदद कर बहुत अच्छा कार्य किया है । समृद्ध भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि उपखण्ड बयाना क्षेत्र के फरसो निवासी रवि जाटव एवं राकेश जाटव के कच्चे मकान में 15 मई को आग लग गई, जिस आगजनी में सभी का भारी नुकसान हुआ। आगजनी की सूचना प्राप्त होते ही निदेशक गुप्ता ने दूरभाष पर गांव के गणमान्य नागरिक एव पीडित परिवारों से आगजनी की विस्तार से जानकारी ली और निदेशक गुप्ता ने पीडित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिसके तहत 16 मई को पीडित परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की। इस अवसर पर जगदीश यादव, हल्का पटवारी टीपू धाकड़, नरेन्द्र गुप्ता, विष्णु मित्तल आदि मौजूद रहे।

### नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित किये गये हैल्थ चैकअप कैम्प में 256 सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों ने करवाया हैल्थ चैकअप

- सफाई निरीक्षकों को लार्वा का डेमोन्सट्रेशन व एंटीलार्वा गतिविधियों का दिया प्रशिक्षण




**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी)16 मई।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित किये गये हैल्थ चैकअप कैम्प में 256 सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों ने हैल्थ चैकअप करवाया गया। इसी के साथ राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर गुरुवार को मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम हेतु सफाई निरीक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर निगम ग्रेटर जयपुर में कार्यरत जोन एवं वार्ड के सफाई निरीक्षको को लार्वा का डेमोन्सट्रेशन व एंटीलार्वा गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. निर्मला शर्मा, उप निदेशक, मलेरिया चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षकों द्वारा नगर निगम ग्रेटर जयपुर में कार्यरत जोन एवं वार्ड के सेनेटरी इंस्पेक्टर को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को लार्वा का डेमोन्सट्रेशन, सोर्स रिडक्शन, ऐंटीअडल्ट व एंटीलार्वा गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक डॉ. रश्मि कांकरिया, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (जयपुर प्रथम) डॉ. इंद्रा गुप्ता , उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (जयपुर द्वितीय) डॉ. सुरेंद्र कुमार गोयल समेत चिकित्सा विभाग व नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ अठारह मई को बगरू थाने में करेंगे जनसुनवाई

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ अठारह मई (शनिवार) की शाम चार से सात बजे तक बगरू थाने में जन सुनवाई करेंगे। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद्र विश्नोई, जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त बगरू एवं वैशाली नगर, संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वृत क्षेत्र वैशाली नगर व बगरू जयपुर (पश्चिम) के परिवादियों की जनसुनवाई की जावेगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर की ओर से शिप्रापथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधरनगर (जयपुर उत्तर) एवं शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।



# हज 2024: भारतीय हज यात्रियों का एहराम में पहला जत्था गुवाहाटी से मक्का रवाना, डॉ. लियाकत अली अफाकी ने झंडी दिखा कर विदा किया

## 200 पुरुष और 122 महिला हजयात्रियों ने हज मुबारका के लिए भरी उड़ान

चमकता राजस्थान



**जयपुर/ गुवाहाटी (खलील कुरैशी)- हज 2024** के लिए गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल हवाई अड्डे से स्पाइजेट की उड़ान एसजी-5216 से 322 भाग्यशाली हजयात्रीयो ,जिसमे 200 पुरुष और 122 महिलाए हजयात्री मक्का मुकर्रमा के लिए रवाना हुए। आज गुवाहाटी से यात्रा करने वाले हजयात्रियों को ये सम्मान भी हासिल हुआ कि ये हिंदुस्तान से जाने वाले कुल 1,75,025 हजयात्रीयों मे से ऐसे पहले हजयात्री है जो अहराम (धार्मिक पोशाक) मे हज यात्रा कर रहे हैं इस अवसर पर हज यात्रियों से मुलाकात करते हुए भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय मे निदेशक एवं हज कमेटी ऑफ इंडिया के सी.ई.ओ. डॉ. लियाकत अली आफ़ाकी ने बताया कि हज 2024 की व्यवस्थाएं हिंदुस्तान से सऊदी अरब तक संतोषजनक ढंग से जारी है यदि किसी हजयात्री को सऊदी अरब में किसी समस्या का सामना करना पड़े तो तुरंत भारत सरकार के नियुक्त अधिकारियों/ कर्मचारियों से संपर्क करके कठिनाइयों का समाधान करे डॉ. आफ़ाकी ने बताया कि हज यात्री अपनी फ्लाइट और आवास मे मोजूद खादिम-उल-हुज्जाज से भी मदद ले सकते है हज 2024 मे 200 हज यात्रीयो पर 1 खादिम-उल-हुज्जाज नियुक्त किया गया है ताकि हज यात्रियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो हज कमेटी आफ़ इंडिया के सीईओ डॉ.आफ़ाकी ने हज यात्रियों से अपील कि के वो किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान ना दे अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय पूरी गंभीरता से हज व्यवस्थाओं और हज यात्रियों को बेहतर से बेहतर और सर्वश्रेष्ठ, सुविधाएं मुहैया कराने में न सिर्फ लगा हुआ है बल्कि हर जगह पर कड़ी नजर भी रखे हुए है हज 2024 मे हज यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए मोबाईल मे हज सुविधा ऐप मोजूद है आप उंगली के एक इशारे पर सभी सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. आफ़ाकी ने आगे बताया कि हज 2024 के हज मे तापमान बढ़ने की संभावना है इसे देखते हुए हजयात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए हिंदुस्तान मे तमाम राज्य हज हाउस से लेकर मदीना मुनव्वरा व मक्का मुकरर्मा तक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस मोके पर असम हज कमेटी के चेयरमैन नकीबुर रहमान कार्यकारी अधिकारी अबुल कलाम और प्रोटोकॉल अधिकारी मेहदी ज़मा भी मोजूद थे। ज्ञात हो कि गुवाहाटी हवाई अड्डे से 12 उड़ानों के माध्यम से लगभग 3500 हज यात्री हज की पवित्र यात्रा करेंगे, जिन के लिए असम राज्य हज कमेटी ने अद्भुत और सुंदर व्यवस्था की है।जिसके लिए असम राज्य हज कमेटी के चेयरमैन नकीबुर रहमान, कार्यकारी अधिकारी अबुल कलाम, प्रोटोकॉल अधिकारी मेहदी ज़मा समेत अन्य पदाधिकारी सराहनीय हैं हज 2024 मे हिंदुस्तान से जाने वाले हज यात्रियों की फ्लाइट 8 मई से शुरू है जो 9 जून तक जारी रहेंगी। अब तक अलग अलग एमबार्केशन पॉइंट और एयरलाइनों की 94 फ्लाइटों से 28558 हजयात्री सऊदी पहुंच चुके हैं। हज करने के बाद भारतीय हजयात्रियों की वापसी 22 जून से शुरू होगी

संक्षिप्त समाचार

## प्रदेश कांग्रेस ने ओडवाड़ा गांव में स्थानीय पीड़ित ग्रामीण जनों से उनका पक्ष जानने हेतु प्रदेश स्तरीय समिति का किया गठन

**चमकता राजस्थान। जयपुर, अत्री कुमार दाधीच।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने जालोर जिले में स्थित ओडवाड़ा गांव में तथाकथित अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के साथ की गई बर्बरतापूर्वक कार्यवाही एवं ग्रामीणों के साथ हुए अमानवीय व्यवहार की जानकारी तथा स्थानीय पीड़ित ग्रामीण जनों से उनका पक्ष जानने हेतु प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि समिति के सदस्यगण कल जालोर पहुंचकर पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात करेंगे तथा उक्त घटना की तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के सक्षम प्रस्तुत करेंगे। समिति में राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं जयपुर के उप जिला प्रमुख मोहन डागर, महासचिव हरीश चौधरी तथा सचिव ललित बोरीवाल को शामिल किया गया है।

### बाड़मेर जिले में थाना सेड़वा पुलिस की कार्रवाई

## उदयपुर व बाड़मेर जिले में वांछित इनामी बदमाश गिरफ्तार, अपहरण की घटना में प्रयुक्त बोलेरो कैंपर बरामद

- एक साल से फरार आरोपी वृत स्तर पर टॉप टेन में है शुमार



**चमकता राजस्थान। जयपुर/बाड़मेर! (खलील कुरैशी) 16 मई।** बाड़मेर जिले की सेड़वा थाना पुलिस की टीम ने उदयपुर व बाड़मेर जिले के तीन आपराधिक मामलों में वांछित एक हजार रुपये के इनामी बदमाश राजकुमार विश्नोई पुत्र मालाराम निवासी सुराचंद्र थाना सरवाना जिला सांचौर को सरहद सोनडी से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी वृत चौहटन स्तर पर टॉप 10 वांटेड में शुमार है।एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी के प्रकरणों में वांछित अपराधियों की दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस व सीओ कृतिका यादव के सुपरविजन एवं एसएचओ सेड़वा दीप सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित टीम द्वारा वांछित अपराधियों की धर पकड़ के लिए प्रयास किये जा रहे है।इसी दौरान थाना सेड़वा में अवैध हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में 1 साल से वांछित चल रहे आरोपी राजकुमार विश्नोई को गुरुवार को सरहद सोनड़ी से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपी थाना धोरीमन्ना के अपहरण व मारपीट की वारदात एवं उदयपुर जिले के थाना खेरोदा में एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के मामले में भी वांछित है। मुल्जिम के कब्जे से थाना धोरीमन्ना की घटना में प्रयुक्त बोलेरो कैंपर भी डिटेन की गई है।

## सेल्सफोर्स जयपुर में डिजिटल ट्रांसफार्मेशन लाने को तत्पर सीआरएम में दर्शायी अपनी मजबूती



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** । सीआरएम में ग्लोबल लीडर के रूप में प्रसिद्ध सेल्सफोर्स ने जयपुर में अपनी मजबूत उपस्थिति को दर्शाया। सेल्सफोर्स ने एक बार फिर भारत को डिजिटल रूप से ट्रांसफॉर्म करने और 2030 तक भारत को 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल इकॉनमी बनाने के लक्ष्य को दोहराया। सेल्सफोर्स भारत में इनोवेशन को बढ़ावा देने और विभिन्न उद्योगों और उनमें सभी आकार के व्यवसायों के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन लाने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्तियों का लाभ उठाने और इस नए इकॉनोमिक एरा में ऑटोमेशन की शुरुआत करने, व्यवसायों के साथ काम करते हुए, सेल्सफोर्स ग्राहकों को एआई, डेटा, सीआरएम और ट्रस्ट पर केंद्रित डिजिटल स्ट्रेटेजी बनाने में मदद करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेल्सफोर्स इंडिया के बिज़नेस हेड- फाइनेंशियल सर्विसेस एंड कंज्यूमर इंडस्ट्रीज मनकिरन चौहान ने की, जिन्होंने भारत में सेल्सफोर्स की विकास यात्रा और भविष्य के रोडमैप के बारे में बताया। कार्यक्रम में मनकिरन चौहान ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में भारत में टेक्नोलॉजी को अपनाने की रफ्तार जबरदस्त रही है। जयपुर में अपनी जड़ें मजबूत करने के लिए हम बहुत उत्साहित हैं, यह शहर तेजी से उद्यमों में सफलता, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और इनोवेशन का केंद्र बन रहा है। भारत, खासकर जयपुर में अपनी उपस्थिति में मजबूती, भारत में सेल्सफोर्स इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, साथ ही हमारा लक्ष्य ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करना है।

और ग्राहकों के बीच बातचीत करने के तरीके में बदलाव लाने और बिज़नेस वैल्यू को अनलॉक करने के लिए प्रतिबद्ध है। जयपुर में मीडिया से बात करते हुए, सेल्सफोर्स ने बताया कि कैसे आई रिवोल्यूशन व्यवसायों को बदल रहा है, विकास को बढ़ावा दे रहा है, ग्राहक संबंधों को मजबूत कर रहा है, और कर्मचारियों की उत्पादकता को बढ़ा रहा है।

# इंडिया फर्स्ट हार्ट फर्स्ट अभियान के दूसरे चरण में ग्लेनमार्क का नेशनवाइड हार्ट हेल्थ इनिशिएटिव शुरू

### हृदय रोगों के लिए जागरूकता बढ़ाने में पूरे भारत से 35,000 डॉक्टर्स ने योगदान देने के लिए संकल्प लिया

चमकता राजस्थान



- 8 फीट ऊँचे और 3.5 टन वजन के मानव हृदय को हृदय चक्र के प्रतीक गुलाब क्वार्ट्ज़ से बनाया है

जयपुर (खलील कुरैशी) प्रमुख शोध- आधारित ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी, फार्मास्युटिकल्स ग्लेनमार्क लिमिटेड (ग्लेनमार्क) ने 'इंडिया फर्स्ट हार्ट फट' अभियान के दूसरे चरण को शुरू किया। पहले चरण की अपार सफलता के साथ यह राष्ट्रव्यापी पहल पूरे भारत में हृदय स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है। यह अभियान उन गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए ग्लेनमार्क की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो हृदय संबंधी बीमारियों (सीवीडी) की वजह से उत्पन्न होती हैं। इस अभियान की शुरुआत वर्ल्ड हार्ट डे (विश्व हृदय दिवस) के मौके पर एक प्रमुख कार्यक्रम के साथ हुई, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार और पद्म श्री सुदर्शन पटनायक ने पुरी के समुद्र तट पर मानव हृदय से संबंधित रेत की संरचना बनाई।यह मूर्तिकला 50 लाख से भी अधिक दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने का माध्यम बनी और जागरूकता बढ़ने में यह प्रत्यक्ष रूप से काफी मददगार साबित हुई। उक्त संरचना के साथ, वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे 2024 (विश्व उच्च रक्तचाप दिवस) के मौके पर इस अभियान ने एक और उपलब्धि हासिल की। रोज़ क्वार्ट्ज के एक ही पत्थर से विशाल मानव हृदय को तराशने हेतु ग्लेनमार्क ने राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता, जेमस्टोन कार्वर आर्टिस्ट पृथ्वीराज कुमावत के साथ साझेदारी की। रोज़ क्वार्ट्ज हृदय चक्र से जुड़ा एक पत्थर है, जो भावनात्मक संतुलन को बढ़ावा देता है। 8 फीट ऊँची और 3.5 टन वजन वाली इस अनूठी संरचना का अनावरण 17 मई, 2024 को किया जायेगा। इस दौरान, डॉ. दीपक माहेश्वरी, डॉ. जेएस मक्कड़ और डॉ. मनोज कुमार के साथ ही दिल्ली और जयपुर के प्रतिष्ठित हृदय रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जे एस हिरेमथ, डॉ. ए श्रीनिवास कुमार, डॉ. जेपीएस साहनी और डॉ. दिलीप कुमार ने हृदय स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। वहीं, कुमावत ने रत्न मूर्तिकला के अनुभव साझा किए। इसके अलावा, पूरे भारत से 35,000 डॉक्टर्स ने हृदय रोगों के लिए लोगों को जागरूक करने में अपने योगदान हेतु संकल्प लिया। प्रतिज्ञा कार्ड पर उनके द्वारा किए गए हस्ताक्षरों को मूर्तिकला के निचले हिस्से में प्रदर्शित किया गया। ये हस्ताक्षर इस सराहनीय उद्देश्य के प्रति एकजुट समर्पण पर प्रकश डालते हैं।आलोक मलिक, प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड इंडिया फॉर्मयूलेशन्स, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, ने कहा, इंडिया फर्स्ट हार्ट फर्स्ट अभियान के माध्यम से, हमारा उद्देश्य सिर्फ जागरूकता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि इसके लिए उपयुक्त आंदोलन चलाना भी है, ताकि कोई भी इससे वंचित न रहे। ग्लेनमार्क बेहतर हृदय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के महत्व को बखूबी समझता है। यही वजह है कि हम सक्रिय स्वास्थ्य उपायों के माध्यम से हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में अग्रणी हैं।

## नागौर जिले में डीएसटी व थाना पांचौड़ी पुलिस की अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम में बड़ी कार्रवाई

### 1.20 करोड़ रुपए कीमत का 8 क्विंटल डोडा पोस्त खेत में बने छपरे से किया बरामद

- तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार, परिवहन में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो व एक बाइक भी की जब्त



चमकता राजस्थान

जयपुर/नागौर! (खलील कुरैशी), 16 मई। नागौर जिले की डीएसटी व पांचौड़ी थाना पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के पोटलिया मांजरा गांव में दबिश देकर खेत में बनी छपरे से एक करोड़ 20 लाख रुपए कीमत का 8 क्विंटल से अधिक अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त जब्त कर मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर परिवहन में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो व एक बाइक जप्त की है।एसपी नारायण टोगस ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार व सीओ नारायण कुमार बाजिया के सुपरविजन एवं एसएचओ पांचौड़ी खेताराम एवं डीएसटी प्रभारी एसआई मुकेश मय टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को पोटलिया मांजरा गांव में अवैध मादक पदार्थ की खेप आने की सूचना पर दबिश दी गई।

आरोपी रामस्वरूप विश्नोई निवासी चावण्डिया के खेत में बने छपरे से दबिश में 8 क्विंटल 1 किलो 600 ग्राम डोडा पोस्त जब्त कर तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो एवं एक बाइक भी जब्त की। मौके से पुलिस ने आरोपी रामस्वरूप के अतिरिक्त श्याम लाल बिश्नोई पुत्र बाबूलाल (28) व पप्पा राम विश्नोई पुत्र हरलाल राम (35) निवासी थाना भोपालगढ़ जिला जोधपुर (ग्रामीण) को गिरफ्तार किया है। मामले में थाना पांचौड़ी पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान थाना सदर पुलिस को सौंपा गया है।

## बारां जिले में थाना सदर व मानव तस्करी यूनिट की कार्रवाई

- वारदात से पहले पुलिस के हत्थे चढ़ी लुटेरी दुल्हने एवं उनके दो एजेंट
- महाराष्ट्र की है गिरफ्तार चारों महिलाएं, दोनों एजेंट स्थानीय



**चमकता राजस्थान। जयपुर/बारां,(खलील कुरैशी) 16 मई।** बारां जिले की सदर थाना पुलिस व मानव तस्करी विरोधी यूनिट ने प्रोएक्टिव पुलिसिंग के तहत लूट की वारदात से पहले ही महाराष्ट्र निवासी चार महिलाओं और उनके दो स्थानीय एजेंटस को गिरफ्तार किया है। इनकी फर्जी शादी के बाद घर वालों को नशीला पदार्थ खिलाकर महंगे कीमती समान और नकदी लेकर फरार हो जाने की योजना थी।एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी व सीओ ओमेंद्र सिंह शेखावत के सुपरविजन में एसएचओ सदर छुट्टन लाल मीणा व मानव तस्करी यूनिट प्रभारी लईक अहमद मय टीम द्वारा एसकेजी फैक्ट्री के पास से इन्हें गिरफ्तार किया गया है।एसपी चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार महिलाएं वैशाली पाल्विक पत्नी विजय महार (47), हीरा संदीप पगारे उर्फ प्रतिभा पत्नी संदीप (35) एवं अनुसूईया पंवार पत्नी संवतखंडू (32) महाराष्ट्र के नासिक एवं वंदना यादव पुत्री शिवबच्चन (24) थाना उल्हास नगर जिला ठाणे शहर की निवासी है जबकि इनके एजेंट गिर्राज वैष्णव पुत्र बजरंग दास (60) तुलसा थाना सदर बारां एवं गोबरी लाल माली पुत्र मोती लाल टोरडी खेड़ा थाना अन्ता जिला बारां के रहने वाले हैं।उल्लेखनीय है कि यह महिलाएं राजस्थान में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय व्यक्तियों से संपर्क कर कुंवारे व विदुर व्यक्तियों को निशाना बनाती है। इनके पास से पुलिस ने गहरी नींद लाने का चूर्ण पाउडर बरामद किया है। झूठा विवाह रचाकर शादी के तीन-चार दिन बाद ही दूध या पानी में नींद लाने का यह पाउडर मिलाकर पूरे परिवार को पिला देती है। उसके बाद ये महिलाएं अपने एजेंट सहित वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाती है। फिलहाल पुलिस की टीम इनके द्वारा पूर्व में किए गए वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है

## फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने अल सुबह मुहाना मंडी में मारा छापा

चमकता राजस्थान



- मुहाना मंडी में केमिकल और गैस चैम्बर में पका रहे फल

**जयपुर (खलील कुरैशी)** फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने गुरुवार को मुहाना मंडी में छापेमारी कर फलों को पकाने में केमिकल का इस्तेमाल पकड़ा है। फूड सेफ्टी की टीम गुरुवार सुबह मुहाना मंडी पहुंची। यहां बड़ी मात्रा में फल पकाने वाले केमिकल (फूड राइटनर) बरामद किए गए। केमिकल से फल पकाने वाले 4 व्यापारियों के चालान भी किए गए। फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में सुबह करीब 6 बजे कार्रवाई की गई। यहां दुकान के नीचे बने गैस चैम्बर में फलों की टोकरियां मिली। इनमें केमिकल था। फलों को वहां पकाने का काम किया जा रहा था। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया- कार्रवाई के दौरान पपीते की ढेरियों, आम की टोकरियों के बीच केमिकल रखकर उन्हें पका रहे थे। केमिकल की छोटे- छोटे पुड़ियां फलों के बीच रखी थी। इसके अलावा दुकानों के नीचे बने गैस चैम्बरों में बड़ी मात्रा में कच्चे केले थे। इनमें केमिकल रखकर उन्हें पकाया जा रहा था। मुहाना मंडी में एक दुकान के नीचे गैस चैंबर मिला। इसमें रखकर फल पकाए जा रहे थे।

## सतत विकास लक्ष्यों को पूरा कर रही है ब्रह्माकुमारीज़ की राजऋषि ग्राम विकास योजना

चमकता राजस्थान




जयपुर। ब्रह्माकुमारीज़ के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग ( आर. ई. आर. एफ.) द्वारा चलाई जा रही सतत विकास लक्ष्यों आधारित राजऋषि गोकुल ग्राम योजना देश भर के किसानों के लिए खुशहाली का द्वार खोल रही है, इसके माध्यम से समाज में नैतिक,आध्यात्मिक और चारित्रिक विकास के साथ शाश्वत योगिक खेती एवं कृषि में उन्नत तकनीकी का प्रयोग कर किसानों को समृद्ध बनाना और युवाओं को श्रेष्ठ दिशा की ओर प्रेरित किया जा रहा है।

इसी के तहत ब्रह्माकुमारीज़ के राजयोग भवन में जन प्रतिनिधि स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ के अंतराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे शाश्वत यौगिक खेती प्रशिक्षक राजयोगी बीके चंद्रेश भाई ने राजऋषि गोकुल ग्राम योजना की संपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि राजस्थान सरकार के साथ मिलकर संस्थान द्वारा गांवों को गोद (एडॉप्ट) कर उस गांव को आदर्श गांव, गोकुल गांव बनाया जा रहा है, इसकी पूरी रूप रेखा उन्होंने प्रोजेक्टर द्वारा दिखाया ओर कहा कि इस प्रकार से हम गावों में समृद्ध, खुशहाली लाने का श्रेष्ठ कार्य कर सकते हैं। उन्होंने जयपुर के जहोता गांव को इस योजना आधारित मॉडल बनाया है

मौके पर उपस्थित जहोता पंचायत के सरपंच श्याम प्रताप राठौड़ ने अपने अनुभव से बताया कि हम कैसे राजऋषि गोकुल गांव योजना से गांव तथा पंचायत को विकसित कर आदर्श बना सकते हैं। उन्होंने नो लक्ष्यों को आधार बनाकर ग्राम पंचायत में करवाए गए कार्यों को विडीयो के माध्यम से दिखाया, उन्हीं के प्रयासों से जहोता पंचायत राजस्थान की पहली ओ डी एफ प्लास पंचायत बनी जिसका अवलोकन करने उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश और अनेक राज्यों के कृषि वैज्ञानिक,अधिकारी, कर्मचारी आते हैं। उन्होंने सभी को जहोता पधारकर अवलोकन करने का निमंत्रण दिया।

इस मौके पर जिला प्रमुख सरोज बंसल व जयपुर शहर सह प्रभारी नरेश बंसल भी मौजूद रहे उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में जिला स्तरीय मीटिंग करके टोंक जिले के गावों को विकसित किया जायेगा।

जिला सयोजक राजयोगी बीके प्रहलाद भाई ने आबू रोड के तपोवन में तैयार राजऋषि गृह वाटिका को प्रोजेक्टर द्वारा दिखा कर उसकी संपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम में सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने सभी का अभिवादन सम्मान करते हुए कहा की टोंक जिले का हर गांव आदर्श बने ऐसा हमारा शुभ संकल्प है।

कार्यक्रम में पंचायत समिति टोडारायसिंह के सहायक अभियंता बीके ओम प्रकाश देवनानी ने सभी का आभार वक्त किया

कार्यक्रम में जिले की विभिन्न पंचायतो के सरपंच, कृषि अधिकारी, प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

# डकैत लुक्का गुर्जर पर एक लाख का इनाम घोषित

## सघन गिरफ्तारी अभियान के लिए पुलिस दे रही जगह जगह दबिश

## पुलिस पर फायरिंग कर हुआ था फरार

चमकता राजस्थान

धौलपुर। धौलपुर के टॉप मोस्ट वांटेड डकैत धर्मेंद्र और लुक्का गुर्जर पर इनाम की राशि बढ़ा दी गई है। राजस्थान, एमपी और उत्तर प्रदेश के साथ भरतपुर की कई आपराधिक वारदातों में शामिल डकैत की गिरफ्तारी को लेकर धौलपुर पुलिस लगातार तलाश कर रही है। हाल ही में दिहौली थाना क्षेत्र में डकैती अपने साथियों के साथ पुलिस पर गोली चलाकर फरार हो गया था। डकैत लुक्का गुर्जर की गिरफ्तारी को लेकर भरतपुर रेंज आईजी की ओर से 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। इनाम की घोषणा को निरस्त करते हुए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा दिनेश एमएन ने इनाम को लेकर नया आदेश जारी किया है। राजस्थान क्राइम ब्रांच की ओर से डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है। जिसकी तलाश के लिए अब धौलपुर पुलिस के साथ जयपुर पुलिस की टीम भी सक्रिय हो गई है।इनामी डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का गुर्जर पुत्र विजय सिंह निवासी देव का पूरा थाना कोतवाली का टॉप हिस्ट्रीशीटर है। जिसे जिले के टॉप 10 अपराधियों की सूची में एक नंबर पर शामिल किया गया है। डकैत के खिलाफ भारतपुर आईजी राहुल प्रकाश ने अलग-अलग राज्यों के साथ धौलपुर जिले में 37 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसको लेकर पुलिसडकैत की तलाश कर रही है।



# हिस्ट्रीशीटर ने रिवाल्वर छीन पुलिस पर की फायरिंग

- जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने पांव में गोली मारकर पकड़ा





चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) । जयपुर में 1.25 लाख रुपए के इनामी हिस्ट्रीशीटर ने एसआई की पिस्टल छीनकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में हिस्ट्रीशीटर के पैर में गोली लगी। उसे सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह ने बताया कि राकेश कुमार यादव के खिलाफ विद्याधर नगर थाने में फायरिंग और रंगदारी का मुकदमा दर्ज है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। मुखबिर से मिली जानकारी के बाद टीम को असम के डिब्रूगढ़ भेजा गया था। यहीं के एक गांव में वह छिपा हुआ था। 13 मई को उसे डिब्रूगढ़ से गिरफ्तार किया और दिल्ली लेकर आए। जयपुर से 3 पुलिसकर्मी दिल्ली भेजे गए थे। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात बदमाश को जयपुर लाया जा रहा था। रात साढ़े 12 बजे आरोपी ने बाथरूम जाने के लिए गाड़ी रोकने के लिए कहा। दौलतपुरा (जयपुर) के पास गाड़ी रोकी गई। आरोपी ने एसआई की पिस्टल छीनकर फायरिंग शुरू कर दी।

### पुलिस ने बदमाश के पैर में मारी गोली

» बदमाश मौके से भागने लगा। इस पर पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने एक फायर किया। गोली हिस्ट्रीशीटर राकेश के पैर में लगी। पिछले साल राकेश कुमार ने एक ज्वेलर से 1 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं मिलने पर राकेश ने ज्वेलर के बेटे पर फायरिंग की थी। राकेश सीकर जिले के श्रीमाधोपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ प्रदेश में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## एक नजर

### अल सुबह कॉलोनियों में पहुंचे सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा,

- किया औचक निरीक्षण पेयजल आपूर्ति का लिया जायजा



**चमकता राजस्थान धौलपुर(रामदास तरुण)** धौलपुर शहर की बिगड़ती पेयजल व्यवस्था को देखते हुए संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने शहर के कुछ क्षेत्रों का दौरा किया। सम्भागीय आयुक्त ने गुरुवार अल सुबह धौलपुर शहर की आधा दर्जन से अधिक कॉलोनी में घर-घर जाकर पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। संभागीय आयुक्त ने शहर की पंचवटी कॉलोनी, कैला कॉलोनी, भामती पूरा, पुरानी जरौली, न्यू जरौली, जरौली कॉलोनी में पेयजल सप्लाई की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ने घर-घर जाकर आम लोगों से पेयजल संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान जगह जगह आमजन द्वारा जलापूर्ति की शिकायत की गई। किसी भी कॉलोनी में विभाग की निर्धारित समय सारणी के अनुसार जलापूर्ति होती नही पाई गई। जिस पर उन्होंने अधीक्षण अभियंता को फटकार लगाई। जरौली क्षेत्र के कई घरों में पानी की सप्लाई नहीं थी लेकिन बिल बदस्तूर हर माह पहुंच रहे थे। जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए! अधिकारियों को जलापूर्ति के निर्देश दिए। कैला कॉलोनी में आमजन द्वारा अवैध सबमर्सिबल द्वारा जल दोहन की शिकायत की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की शहर में सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए पूर्ण प्रभावी मॉनिटरिंग रखी जाए। उन्होंने अवैध नल तुरंत काटने तथा दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए। टैलएंड तक पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के लिए फील्ड स्टाफ निरंतर निगरानी रखें। उन्होंने पेयजल लाइनों को नियमित चेक करने के भी निर्देश दिए, ताकि लीकेज से पानी की छीजत नहीं हो और प्रेशर कम नहीं हो। साथ ही पानी की मोटर आदि उपकरण खराब होने पर तुरंत दुरुस्त कराएं, जिससे पेयजल व्यवस्था ना बिगड़े। इस दौरान उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा, अधीक्षण अभियंता मुकेश गर्ग सहित अन्य अधिकारी साथ रहे।

### बकाया मांगने गए युवक के सर पर बल्ली से प्रहार, मौत

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के कचहरी चौराहे के समीप गुरुवार को निमार्णाधीन इमारत में बकाया धनराशि मांगने गए युवक के सिर पर बल्ली से प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। सूचना पाते ही क्षेत्रीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कचहरी चौराहे के समीप संजय सिंह का मकान बन रहा है। मकान निर्माण का कार्य सोहराबुद्दीन नामक ठेकेदार करा रहा है। आज तड़के बाबतपुर निवासी इजहार अहमद उर्फ बाबर (35) मकान पर पहुंचा और ठेकेदार से अपना पचास हजार रुपए बकाया मांगा। रुपए देने में टालमटोल करने पर बाबर का ठेकेदार से विवाद हो गया। आरोप है कि सोहराब ने विवाद के बीच बाबर के सिर पर बल्ली से प्रहार कर दिया। गंभीर रूप से घायल बाबर को मजदूरों ने मंडलीय शिवप्रसाद गुप्त अस्पताल कबीरचौरा पहुंचाया। जहां इलाज शुरू होते ही बाबर की मौत हो गई।

### अनिल इंडस्ट्रीज के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

**जबलपुर।** आयकर विभाग के जबलपुर-भोपाल के करीब 50 अधिकारीयों की संयुक्त टीम ने गुरुवार सुबह एक दर्जन लग्जरी बाहनों में सवार होकर शहर के माधव नगर स्थित अनिल इंडस्ट्रीज में दबिश दी। अधिकारियों की टीम ने निरंकारी भवन के सामने स्थित बंगले में भी छापा मारकर कार्रवाई शुरू की है। माधव नगर की प्रतिष्ठित फॉर्म अनिल इंडस्ट्रीज के कई ठिकाने हैं, जिनमें आयकर विभाग की टीम ने दबिश दी है और सुबह से ही दस्तावेजों को खंगालने के लिए जांच शुरू कर दी है। आयकर विभाग की टीम के साथ पुलिस का दल भी मौजूद है।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग- 52 पर सारंगपुर थाना क्षेत्र में ग्राम गुलावता जोड़ के समीप बुधवार की रात तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 13 वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं बाइक चालक 30 वर्षीय युवक घायल हो गया। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बुधवार रात हाइवे-52 स्थित ग्राम गुलावता जोड़ के नजदीक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक आरजे 11 सीजी 5918 ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अल्फेज (13)पुत्र अफसरखां निवासी मुडलाय की मौके पर ही मौत हो गई वहीं बाइक चालक रईस (30)पुत्र अजीजखां निवासी चतरुखेड़ी को गंभीर चोटें लगी। बताया गया है कि बालक अलफेज अपनी चचेरी बहन के गांव चतरुखेड़ी आया था और रईस के साथ बाइक से मउ गांव में किसी काम से जा रहा था तभी ग्राम गुलावता जोड़ के समीप हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# प्रतापगढ़: विपक्ष का फार्मूला, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री : नरेन्द्र मोदी

## देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा होने वाले बच्चों के बस की बात नहीं

प्रतापगढ़। एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतापगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि (इंडी अलायंस) सरकार चलाने का फॉमूर्ला है- हर साल एक नया पीएम। ये चाहते हैं कि भानुमति का कुनबा जोड़ने वालों को लूट का बराबर मौका मिले। ये आपको मंजूर है क्या? प्रधानमंत्री ने कहा कि देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा होने वाले बच्चों के बस की बात नहीं है। रायबरेली की जनता भी खटाखट खटाखट भेजेगी घर। अमेठी से गए और अब ये रायबरेली से भी जाएंगे। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शहजादे चाहे लखनऊ वाले हों या दिल्ली वाले, गर्मी की छुट्टियों में विदेश निकल जाएंगे- खटाखट खटाखट। और मैं गारंटी देता हूं कि आपकी सेवा के लिए दिन-रात



एक करके काम करूंगा मेरा पल-पल आपके नाम, मेरे शरीर का कण-कण आपके नाम। इन शहजादों को न मेहनत की आदत है और न ही नतीजे लाने की। इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगा देश का विकास खटाखट होगा।

ये सोचते हैं कि भारत आत्मनिर्भर अपने आप बन जाएगा और पूछो तो कहते हैं- खटाखट-खटाखट। ये कहते हैं कि भारत की गरीबी हम दूर कर देंगे- खटाखट-खटाखट। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन में वहीं लोग हैं जो सेना के शौर्य पर सवाल उठाते हैं। आपको सपा-कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत है। 04 जून को सभी रिकॉर्ड टूट जायेंगे देश में भाजपा सरकार बनेगी। हम विकसित व आत्मनिर्भर भारत बनायेंगे। तीसरे कार्यकाल में हम हिन्दुस्तान को दुनिया में तीसरे नंबर की ताकत बनाकर रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा-कांग्रेस देश के विकास का मजाक उड़ाती है। इनकी नजर देश के खजाने पर है। इन लोगों ने 2014 से पहले देश को बर्बाद कर दिया था। हर क्षेत्र में लूट मची थी। देश निराशा के गर्त में डूबा था। हम देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया में पांच नम्बर पर ले आये हैं।

आज भारत जी-20 जैसे बड़े आयोजन बड़ी सफलता और गर्व के साथ करवाता है। भारत अपने तिरंगे की छाप चंद्रमा पर छोड़ता है। 10 साल पहले ऐसी सफलता की कल्पना भी कर सकते थे क्या? तब हजारों करोड़ के घोटाले के अलावा कोई खबर आई थी क्या? जो पहले असंभव था, आज वह संभव हो पाया है। यह बदलाव, यह सफलता मोदी के कारण नहीं बल्कि आपके एक वोट के कारण मिली है, यह आपके वोट की ताकत है। इसलिए आज पूरा देश कह रहा है- इस सरकार का तीसरा कार्यकाल होगा और दमदार।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रतापगढ़ के नाम में ही प्रताप है। ये वीरों और बलिदानियों की भूमि है और आज हमारे भारत का प्रताप पूरी दुनिया देख रही है, आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है।यूपी का विकास, देश का भविष्य आपके एक वोट से तय होगा। लोकसभा प्रत्याशी को जिताने की अपील करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आप संगमलाल को भारी बहुमत से जिताएं। आपका एक-एक वोट मोदी की ताकत बढ़ाएगा।

### मनाली में पर्यटक ने कर दी महिला दोस्त की हत्या

कुल्लू। पर्यटन नगरी मनाली में एक होटल में पर्यटक के बैग से महिला का शव मिलने से सनसनी मच गई। पर्यटक अपनी महिला मित्र की हत्या कर शव को बैग में रखकर जाने वाला था। होटल प्रबंधन की सतर्कता से मामला खुल गया। पुलिस ने मौके से भागे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या का कारण जानने के लिए पुलिस मृतक के दोस्त से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार 13 मई को मध्य प्रदेश की महिला अपने दोस्त के साथ मनाली घूमने आई थी। गुरूवार सुबह पर्यटक ने कमरा खाली किया और होटल के कर्मचारी से अपना बैग उठाने के लिए कहा। होटल कर्मी ने जब बैग उठाया तो बहुत भारी था। इस पर उसे शक हुआ और उसने पुलिस को सूचना दे दी। इसी बीच युवक मौके से भाग गया लेकिन बाद में पकड़ लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस दल डीएपी क्षमादत शर्मा के नेतृत्व में मौका पर पहुंचा और बैग की तलाशी ली तो उसमें युवती का शव मिला। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कार्तिकेयन ने बताया कि आधार कार्ड के अनुसार पर्यटक महिला की पहचान शीतल कौशल पुत्री कैलाश कौशल निवासी भोपाल मध्य प्रदेश और आरोपित युवक की पहचान विनोद ठाकुर पुत्र हरदयाल सिंह निवासी पलवल, हरियाणा के रूप में हुई है।

योगी ने आजमगढ़ के फरिया-निजामाबाद रोड के लालगंज लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित

# आजमगढ़ को बदनाम करने वाले आज बेनकाब हो चुके हैं: योगी आदित्यनाथ

आजमगढ़। एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश 10 वर्ष पहले पहचान और विश्वास के संकट से जूझ रहा था। हर एक व्यक्ति पर सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा था। देश में विकास कार्य ठप हो चुके थे क्योंकि कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी थी। उस दौरान गरीब भूख से मरता था, किसान आत्महत्या करते थे, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे।

वहीं देश और दुनिया में आतंकी घटना होने पर उसके तार आजमगढ़ से जोड़े जाते थे और उसे बदनाम किया जाता था। पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। भाजपा उम्मीदवार दिनश लाल यादव



निरहुआ और लालगंज की प्रत्याशी नीलम सोनकर के समर्थन में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम एक नये भारत का दर्शन कर रहे हैं, जिसमें दुनिया में सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद- नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश लगा है। आजमगढ़ में महाराज सुहेलदेव के नाम पर एक विश्वविद्यालय बन गया है। इसके साथ ही आजमगढ़ पूर्वांचल एक्सप्रेस से जुड़ गया है। आज आजमगढ़ में एयरपोर्ट भी है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, दारा सिंह चौहान, ओम प्रकाश राजभर, सांसद संगीता आजाद, भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल, विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक आदि उपस्थित थे।

### पूरे देश में 400 पार की गूंज सुनायी दे रही है

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजमगढ़ को बदनाम करने वाले आज बेनकाब हो चुके हैं। आज आजमगढ़ वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, प्रयागराज समेत अन्य जिलों से फोरलेन की बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ जुड़कर नये भारत के नये उत्तर प्रदेश का नया आजमगढ़ बन चुका है। पहले देश और दुनिया में लोग आजमगढ़ का नाम सुनते ही चौंक जाते थे। उस दौरान यहां के लोगों को देश और दुनिया में जाने में काफी समस्या होती थी क्योंकि वहां आजमगढ़ वासियों को होटल तो दूर धर्मशाला में भी रूम नहीं मिलते थे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज आजमगढ़वासियों का सम्मान बढ़ा है। उन्हें नई पहचान मिली है। यही वजह है कि पूरे देश में अबकी बार 400 पार की गूंज सुनायी दे रही है। पूरा देश एक स्वर में कह रहा है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। 500 वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला विराजमान हो गये हैं। इससे हर देशवासी अभिभूत है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का इंतजार कर रहे हैं।**

# पार्टी का आधार मजबूत करने में निभायें सक्रिय भूमिका : सुनील

उधमपुर। एजेंसी

जम्मू और कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (जेकेएनसी) उधमपुर की जिला इकाई ने जेईओ (सेवानिवृत्त) और जेकेएनसी एससी सेल, उधमपुर के जिला अध्यक्ष देसराज की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता जेकेएनसी उधमपुर के जिला अध्यक्ष सुनील वर्मा ने की। बैठक में टिकरी के ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन वर्मा, कैप्टन (सेवानिवृत्त) रतन सिंह, मजालता के ब्लॉक अध्यक्ष और सुदेश कुमार, यूथ एनसी उधमपुर के जिला सचिव सहित पार्टी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। बैठक में जमीनी स्तर पर जुड़ाव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत किया गया। पूरन दास एक सेवानिवृत्त सूबेदार और बिंदू राम एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता, पार्टी की नींव को मजबूत करने और इसके



विकास में योगदान देने का वादा करते हुए औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल हो गए। सुनील वर्मा ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सम्मेलन की नीतियों और कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर प्रसारित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से जिले के हर कोने में पार्टी की उपस्थिति को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों के कल्याण के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व के पीछे एकजुट होने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## नेपाल में गृहमंत्री लामिछाने के खिलाफ विपक्ष का सड़क से संसद तक विरोध



काठमांडू। एजेंसी

नेपाल के उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ विपक्ष ने कांग्रेस संसद के दोनों सदनों से लेकर सड़क तक मोर्चा खोल दिया है। विपक्ष संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग पर अड़ा है। नेपाली कांग्रेस तो संसद के पिछले सत्र से लेकर इस बार के बजट सत्र तक लगातार सदन की कार्रवाई अवरूद्ध कर प्रदर्शन कर रही है। विपक्ष ने बजट सत्र में कार्यवाही एक मिनट के लिए भी नहीं चलने दी है। संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति संबोधित जरूर कर चुके हैं पर धन्यवाद प्रस्ताव की औपचारिकता अब तक पूरी नहीं हो पाई है। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी जाएगी।

कांग्रेस ने सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए अपनी पार्टी के सभी संगठनों को सड़क पर उतार दिया है। आज सुबह से ही कांग्रेस के छात्र और युवा संगठनों के कार्यकर्ता लामिछाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। तरुण दल के नेता काठमांडू के अलग-अलग इलाके में गृहमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। कुछ जिला मुख्यालयों में भी विरोध प्रदर्शन होने की सूचना है।

# यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए उठाए जाएं सभी कदम : डीएम

हरिद्वार। एजेंसी

जनपद में यातायात व्यवस्था को और अधिक सरल, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जायें। यह निर्देश जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक लेते हुए एनएचएआई, लोनिवि और नगर निगम के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी गर्ब्याल ने कहा कि नेशनल हाइवे के किनारों से अतिक्रमण को हटाया जाये और अतिक्रमण के सम्बन्ध में न्यायालय की ओर से जारी आदेशों का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि अतिक्रमण हटाने से पूर्व की तथा अतिक्रमण हटाने के बाद की फोटोग्राफी अवश्य कराई जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि 15 दिन के भीतर पुनः अतिक्रमण चिह्नित करते हुए प्रभावी कार्रवाई



सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि विकास अनवरत चलने वाली सतत प्रक्रिया है। इस वर्ष कावड़ मेले को पिछले वर्ष की तुलना में और अधिक सुविधाजनक बनाया जाये।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि बाहर से आने वाले व्यक्तियों को पार्किंग आदि की जानकारी के लिए विभिन्न चिह्नित स्थानों पर पार्किंग और विभिन्न स्थानों के दिशा-सूचक रेट्रोरिफ्लेक्टिंग हॉर्डिंग्स लगाने के निर्देश नगर निगम तथा एनएच के अभियंताओं को दिये। उन्होंने एनएचएआई, लोनिवि और पुलिस विभाग के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने पार्किंग तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सरल व सुलभ बनाने के लिए पन्तदीप पार्किंग से जल संस्थान तक सात मीटर चौड़ी स्लिप रोड एवं सर्विस रोड निर्माण कराने के निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिये। उन्होंने पन्तदीप पार्किंग (चमगादड़) टापू क्षेत्र के रास्तों को स्मूथ करने, पार्किंग स्थल को शतप्रतिशत उपयोग में लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

### दो आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया

कुपवाड़ा। कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पार से भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे आतंकियों के एक समूह में से सुरक्षाबलों ने दो को मार गिराया। बताया गया है कि गुरुवार सुबह तंगधार सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना के जवानों ने देखा कि आतंकियों का एक समूह भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहा है। सेना ने उन्हें ललकारा और वापस लौटने की चेतावनी दी। लेकिन आतंकी चेतावनी को अनसुना कर भारतीय सीमा की तरफ बढ़ते रहे। इसी बीच सेना ने गोलीबारी शुरू कर दी।

### युवती का शव मिलने से मचा हड़कंप

हरिद्वार। मंसा देवी मंदिर के पास आज सुबह झाड़ियों में एक 25 वर्षीय युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी के लिए भिजवा दिया है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो पाई है। नगर कोतवाली पुलिस को मंसा देवी क्षेत्र में पहाड़ी के पास झाड़ियों में एक अज्ञात युवती का शव पड़ा होने की सूचना मिली।

# सत्ता की ललक में लालू यादव पिछड़ों की विरोधी कांग्रेस की गोद में बैठ गए : अमित

**फारूक अब्दुल्ला हम लोगों को डराने की कोशिश करते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है**



एजेंसी

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लालू यादव पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि लालू प्रसाद यादव अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं लेकिन सत्ता की इतनी भी क्या ललक है कि पिछड़ों की विरोधी कांग्रेस की गोद में बैठ गए। बिहार का भला तेल पिलावन लठिया घुमावन से नहीं होगा। उसके लिए केंद्र की मोदी सरकार को मजबूत करें, जिसने बिहार के युवा को लाठी की जगह मोबाइल फोन थमाया है। अमित शाह गुरुवार को बिहार के सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) उम्मीदवार देवेश चंद्र ठाकुर से पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नरेन्द्र मोदी को देश का पहला प्रधानमंत्री बताया, जो अति पिछड़े वर्ग से आते हैं। आरक्षण को लेकर किए गए उनके कार्यों को भी अमित शाह ने गिनाया। उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी को रामायण सर्किट से भी नरेन्द्र मोदी ही जोड़ेंगे। गृह मंत्री ने पीओके के मुद्दे पर सख्त तेवर दिखाए और कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर हमारा था। हमारा है और हमारा ही रहेगा। हम उसे हर हाल में लेकर रहेंगे। अमित शाह ने जदयू उम्मीदवारों को वोट देकर नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। सीतामढ़ी शहर स्थित गोयनका कॉलेज मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने फारूक अब्दुल्ला से लेकर राहुल गांधी और लालू यादव से लेकर उनके बेटे तक को निशाने पर लिया। अमित शाह ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला हम लोगों को डराने की कोशिश करते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। हम किसी से डरने वाले नहीं बल्कि डराने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने पीओके कभी नहीं मांगा । पाकिस्तान के एटम बम से राहुल बाबा डरते होंगे, फारूक अब्दुल्ला डरें, मैं नहीं डरता । गृह मंत्री ने इस दौरान कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का जो पीएम का वादा था, उसका भी जिक्र किया और कहा कि जब अनुच्छेद 370 हटाया गया तो उसमें भी लालू यादव ने विरोध किया था। लालू ने कहा था कि 370 हटाने पर कश्मीर में खून की नदियां बहेंगी लेकिन कश्मीर में अब कंकड़ मारने तक की किसी में हिम्मत नहीं है। लालू एंड कंपनी विकास नहीं कर सकती है। ये बिहार को लालटेन युग में धकेलना चाहते हैं लेकिन नरेन्द्र मोदी ने युवाओं के हाथ में लाठी के बजाय सस्ते डेटा के साथ स्मार्टफोन थमाया है। लालू यादव 25 साल तक सत्ता में रहे लेकिन किसी को कभी भारत रत्न नहीं दिलाया लेकिन नरेन्द्र मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर बिहार को सम्मान दिया।

## कांथी बस और कार की टक्कर में 4 की मौत

**कोलकाता।** दीघा के रास्ते में दर्दनाक हादसा। बस और कार की आमने-सामने की टक्कर में 4 लोगों की मौत। हादसा गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे कांथी में दीघा-नंदकुमार राष्ट्रीय राजमार्ग पर मारिशदा पुलिस स्टेशन के तहत देसाई स्टैंड पर हुआ है। बस भी काफी क्षतिग्रस्त है। पता चला है कि कार कांथी से मारीशदा की ओर जा रहा था। मंजिल थी दीघा। बस विपरीत दिशा से हावड़ा की ओर आ रही थी। दैसाई स्टैंड के पास बस और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। कार उलट गयी। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि सभी नदिया के रहने वाले हैं। लेकिन गाड़ी की हालत इतनी खराब थी कि शव गाड़ी से नहीं निकाले जा सके। प्रशासन आया और बचाव कार्य शुरू किया। राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात बाधित। पता चला है कि कार ने नियंत्रण खो दिया और विपरीत दिशा से आ रही बस से टकरा गया।

## एक नजर

### मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी होने पर बच्चे व अभिभावकों ने किया हंगामा



**भागलपुर।** जिले के सुलतानगंज प्रखण्ड के कटहरा पंचायत के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कटहरा में गुरुवार को मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी होने पर स्कूल के बच्चे और अभिभावकों ने जमकर बवाल काटा। इस दौरान कटहरा पंचायत के उपमुखिया सीता देवी ने बताया कि स्कूल में कुल 101 बच्चे हैं। यहां वर्ग एक से पांच तक की पढाई होती है। स्कूल के प्रधानाध्यापक विदिश्वरी कुमार घोष के द्वारा मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी किया जा रहा है। पानी वाले और सब्जी भी सही नहीं दिया जाता है। बच्चों को अंडा भी नहीं दिया जाता है। स्कूल के बच्चे भोजन खाकर बीमार हो रहें हैं। उधर स्कूल के प्रधानाध्यापक विदिश्वरी कुमार घोष स्कूल छोड़कर फरार हो गए। स्कूल के शिक्षक एवं रसोईया ने बताया कि प्रधानाध्यापक विदिश्वरी कुमार घोष के द्वारा जो राशन का सामान दिया गया है। उसी के अनुसार खाना बनाया जाता है।

### वार्ड पार्षद सह कारोबारी के ठिकानो पर रेड

**मुजफ्फरपुर।** जिले में गुरुवार सुबह एक बार फिर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की छापेमारी ने हड़कंप मचा दिया है । मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 41 के पार्षद सह कारोबारी विजय झा के कई ठिकानों पर एक साथ आयकर विभाग की रेड हुई है। जिसमें घर से लेकर करीब आधा दर्जन आशियाने विजय झा के शामिल है। विजय झा के आवास रामबाग मिठनपुरा से लेकर नगर के कल्याणी के करीब विवाह भवन एवं अन्य दफ्तर में छापेमारी चल रही है। विजय झा का एनजीओ, ठेकेदारी, ब्याज का धंधा , जमीन कारोबार सहित अन्य चीज की फाइल इनकम टैक्स विभाग खंगाल रही है। टैक्स रिटर्न में चोरी का है मामला । अब तक कई अहम सुराग भी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को मिल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय झा को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम रामबाग स्थित आवास से लेकर उनके कल्याणी स्थित कार्यालय पर ले गई है।

### पुलिस जवानों से भरी बस गड्ढे में पलटी दो दर्जन से अधिक जवान घायल

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच- 28 पर देर रात बुधवार 11:10 बजे चुनाव ड्यूटी से लौट रहे पुलिस जवानों से भरी बस गड्ढे में पलट पई। जिसमें करीब 20 से ऊपर जवान घायल हो गए। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची सकरा थाना की पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल जवान को दुर्घटनाग्रस्त बस से निकाला। इलाज के लिए पहले सकरा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया और फिर वहां से मेडिकल कॉलेज भेजा। घटना के बाद घंटों मौके पर अफरातफरी की स्थिति बनी हुई रही। सभी जवान चौथे चरण की मतदान ड्यूटी खत्म होने के बाद अगले चरण के चुनाव के लिए लौट रहे थे। इसी दौरान में सुजावलपुर के पहले अचानक बस चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और बस पास के एक खड्डे में पलट गई।

### हथियार लहराने का फोटो वायरल, तीन आरोपी गिरफ्तार

**नवादा।** जिले की सिरदला पुलिस ने व्हाट्सएप आए फोटो पर अवैध हथियारों का प्रदर्शन करने के मामले में गुरुवार को सिरदला थाना क्षेत्र के हेमजाभारत गांव के उमेश राजवंशी के पुत्र रोहित कुमार को सिरदला पुलिस ने हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की । इस क्रम में पता चला की रोहित कुमार का ही फोटो है पर पुलिस के अनुसार रोहित ने कबूला की फोटो में हथियार है। वो हिसुआ थाना क्षेत्र के मोदी बीघा गांव के कपिल राजवंशी के पुत्र मनोज राजवंशी उर्फ डब्लू के हथियार से हम ने फोटो खींचा था । रोहित कुमार के बयान के बाद उपयुक्त मनोज राजवंशी को पुनः हेमजाभारत गांव से गिरफ्तार कर कड़ी पूछ ताछ के बाद उनके द्वारा बताया गया की हथियार (देशी कट्टा) सिरदला थाना क्षेत्र के खरौंध गांव के अनिल राजवंशी के पुत्र 21 वर्षीय संदीप कुमार के पास है । सिरदला पुलिस ने छापे मारी के क्रम में घर के पिछवानी की जमीन से एक देशी कट्टा एक काले रंग के प्लास्टिक थैले में से बरामद किया गया ।

### पूर्व रेलवे ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से 20 किलोमीटर की सीमा हटाई

**भागलपुर।** अब चाहे आपका घर स्टेशन से कितनी भी दूर क्यों न हो, आप यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे टिकट बुक कर सकते हैं। पूर्व रेलवे रेल यात्रियों के लिए उक्त समाधान लेकर आया है। ट्रेनों की सामान्य श्रेणी में यात्रा को आसान बनाने के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप में एक अहम बदलाव किया गया है। इस बदलाव के परिणामस्वरूप, यात्री अब कहीं से भी अपने गंतव्य के लिए टिकट प्राप्त कर सकते हैं, जबकि पहले इस ऐप पर 20 किमी की सीमा थी। यानी अगर कोई यात्री किसी स्टेशन से 20 किमी के दायरे में है, तभी वह यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप पर टिकट बुक कर सकता है। यह सीमा अब हटा दी गई है। अब यात्री कहीं से भी टिकट खरीद सकते हैं।

# संदेशखाली स्कूल में बीजेपी की 'गुप्त' बैठक असम के नेता भी थे मौजूद नई 'साजिश'?




संवाददाता

**कोलकाता।** बीजेपी ने बिना अनुमति लिए संदेशखाली के एक स्कूल में भिन्न राज्य के नेताओं के साथ जबरन गुप्त बैठक की। ऐसी शिकायत करने के बाद स्कूल अधिकारियों ने पुलिस से संपर्क किया। गेरुआ शिबिर की बेचैनी बढ़ गयी। भाजपा समर्थित उपद्रवियों द्वारा पार्टी नेताओं और विधायकों पर हमला किये जाने की घटना के खिलाफ तृणमूल ने विरोध प्रदर्शन किया। जिससे गेरुआ शिबिर का ब्लड प्रेशर बढ़ गया। 13 मई की दोपहर में बीजेपी ने बशीरहाट सबडिविजन नजात पुलिस स्टेशन के हटगाची ग्राम पंचायत के चुंचुरा प्राइमरी स्कूल में असम के नेताओं के साथ एक गुप्त स्कूल बैठक की। स्कूल की प्रधाना शिक्षिका अपूर्बा मंडल ने इस संबंध में न्यजात थाने में शिकायत दर्ज करायी है। उन्होंने दावा किया, "भाजपा ने स्कूल की अनुमति के बिना वह बैठक आयोजित कर चुनाव नियमों का उल्लंघन किया है। स्कूल के अंदर पूरी तरह से अवैध तरीके से बैठकें थोप दी गई हैं। हमने इसका कड़ा विरोध किया और थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी। पुलिस जांच करेगी और घटना में शामिल लोगों को अनुकरणीय सजा देगी। इतना ही नहीं, प्रधान शिक्षिका ने आरोप लगाया कि उस गुप्त बैठक के बाद स्कूल के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और सामग्रियां चोरी हो गईं। संदेशखाली के विधायक व तृणमूल नेता सुकुमार महतो को आशंका है कि संदेशखाली को फिर से आतंकित कर गरमाने की साजिश की जा रही है। यह गुप्त बैठक उसी का हिस्सा है। कुछ दिन पहले सुकुमार बाबू संदेशखाली को सिंहपारा इलाके में हिंसक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा था। तृणमूल का आरोप है कि बीजेपी समर्थित उपद्रवियों ने योजना बनाकर विधायक को परेशान किया, पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को पीटा। इसके विरोध में तृणमूल ने संदेशखाली के त्रिमोहिनी बाजार से विरोध मार्च निकाला। संदेशखाली की प्रदर्शनकारी महिलाओं ने हंगामा किया। उनका दावा है कि योजनाबद्ध तरीके से संदेशखाली को बदनाम किया जा रहा है। भाजपा समर्थित बदमाश योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र में आतंक मचा रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के नाम पर भाजपा प्रत्याशी रेखा पात्रा ने नेता अर्चना मजूमदार की शह पर तृणमूल कार्यकर्ता की पिटाई कर दी।

# कनेक्ट विथ कम्युनिटी, कंट्रोल डेंगू थीम के साथ मनाया गया डेंगू दिवस

एजेंसी

**किशनगंज।** जिले में बारिश के मौसम की शुरूआत हो गई है। डेंगू का लार्वा मुख्य रूप से जमे हुए साफ पानी में पैदा होता है। मानसून के शुरू होते ही लोगों को डेंगू से ग्रसित होने का संभावना बढ़ जाता है। इस मौसम में घर के आसपास बहुत से कीटाणुओं के बढ़ने के कारण लोगों के बीमार होने की संभावना भी बढ़ जाती है।



ऐसे मौसम में लोगों को डेंगू और चिकनगुनिया से ग्रसित होने की बहुत खतरा रहता है। लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाया गया है, जिस दौरान लोगों को डेंगू होने के कारण, पहचानने के लक्षण के साथ साथ अस्पताल में इसके इलाज के लिए उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक किया जाता है। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जिले के सभी अस्पतालों में उपलब्ध मरीजों के साथ साथ आसपास के विद्यालयों में भी स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मियों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. मंजर आलम की अध्यक्षता में जिले के स्कूली विद्यार्थियों को डेंगू से सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों को बदलते मौसम में डेंगू या चिकनगुनिया से सुरक्षित रहने के लिए घर के आसपास सफाई रखते हुए जमा पानी एवं गंदगी पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने की जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में लोगों को मच्छर से सुरक्षित रहने के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़ों का उपयोग करना चाहिए। घर में सभी कमरों को साफ सुथरा और हवादार बनाये रखना चाहिए। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रिज के पानी निकासी ट्रे, पानी टंकी एवं घर के अंदर और अगल बगल में पानी को जमा न होने दें।

# पीपरा कोठी में शराब कारोबारियों ने उत्पाद टीम पर किया हमला,तीन जवान जख्मी,एक गंभीर



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पीपराकोठी थाना क्षेत्र के बलथरवा गांव में शराब कारोबारियो के विरूद्ध छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर कारोबारियो ने हमला कर दिया और टीम में शामिल जवानों और वाहन पर जमकर पथराव किया गया, जिससे तीन जवान घायल है,वही वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया।घायल जवानो में दो महिला सिपाही व एक होमगार्ड का जवान हैं।

घायल होमगार्ड जवान मनीष कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। हमले के बाद पुलिस ने इस मामले में कारवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना परउत्पाद पुलिस टीम दारोगा नीतू कुमारी के नेतृत्व में बलथरवा के राजेश पासवान व विकेश पासवान नामक शराब कारोबारी के विरूद्ध छापेमारी करने पहुंची। जहां शराब के साथ बलथरवा के बिगन प्रसाद, पीपराकोठी के चांद सरैया निवासी सगीर आलम व रमेश साह को गिरफ्तार कर वापस लौट रही थी। इसी बीच धंधेबाजों ने उत्पाद टीम हमला कर दिया और गिरफ्तार तीनों को छुड़ाने की कोशिश करते हुए उत्पाद बिभाग की टीम पर पथराव करने लगे। इसमें सिपाही बंदना कुमारी कुमारी व ज्योति कुमारी के अलावा होमगार्ड जवान मनीष कुमार जख्मी हो गए। मनीष का उपचार मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।जबकि दो सिपाहियों को उपचार के बाद मुक्त कर दिया गया। घटना की बाबत दारोगा नीतू कुमारी ने पीपराकोठी थाने में आवेदन दिया है, जिसके बाद पुलिस धंधेबाजों की तलाश में जुटी है। उत्पाद निरीक्षक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। 16 बोतल अंग्रेजी व 72 बोतल नेपाली शराब जब्त की गई है।

## 4 जिलों में फिर लू की चेतावनी, अगले हफ्ते बंगाल में राहत भरी बारिश

**कोलकाता।** इस सप्ताह एक बार फिर तापमान का पारा चढ़ रहा है। कोलकाता समेत पूरे दक्षिण बंगाल में तापमान तेजी से बढ़ गया है। इस सप्ताह जिले में तीन डिग्री तापमान बढ़ेगा। ऐसे में मौसम कार्यालय ने सप्ताहांत में दक्षिण बंगाल के चार जिलों में लू की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक, सप्ताहांत के दौरान पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बर्दवान, बांकुरा, बीरभूम में लू की चेतावनी है। तापमान 42 डिग्री के पार हो जाएगा। मुर्शिदाबाद, नादिया, पूर्वी बर्दवान, पुरुलिया, झाड़ग्राम में हालांकि गर्मी की लहर नहीं है, लेकिन गर्मियों में मौसम असहज रहेगा। कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के अधिकांश जिलों में शनिवार तक बारिश की संभावना नहीं है। बीरभूम, मुर्शिदाबाद और पश्चिमी बर्दवान में हल्की बारिश हो सकती है। रविवार को बीरभूम, बर्दवान, पुरुलिया, बांकुरा, झाड़ग्राम, पश्चिम मिदनापुर में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# हाईकोर्ट के फैसले से संदेशखाली मम्पि को मिली अस्थायी राहत



संवाददाता

**कोलकाता।** संदेशखाली की भाजपा कार्यकर्ता पियाली दास उर्फ मम्पि को कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले से राहत मिली है। राज्य पुलिस उनके खिलाफ निचली अदालत में कोई नयी अर्जी नहीं दे रही है। उनके मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। इस बीच, बशीरहाट से बीजेपी उम्मीदवार रेखा पात्रा के मामले पर भी शुक्रवार को हाई कोर्ट में सुनवाई होगी। संयोग से, उनके मामले की सुनवाई गुरुवार को उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की पीठ के बेंच होनी थी। लेकिन गुरुवार को जस्टिस सेनगुप्ता की बेंच नहीं बैठी। इसलिए मामला जस्टिस अमृता सिंह की बेंच के पास गया। मम्पि के वकील ने कोर्ट से शिकायत की कि मम्पि को गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तार किया गया है। उसे डर है कि मम्पि को पुलिस हिरासत में रखकर कोई नया मामला दर्ज किया जा सकता है। हालांकि हाई कोर्ट ने निचली अदालत को आश्वासन दिया है, लेकिन राज्य पुलिस अब वह आवेदन नहीं कर रही है। शुक्रवार को जस्टिस सेनगुप्ता की बेंच के सामने सुनवाई होने तक पुलिस कोई दलील नहीं देगी। संदेशखाली मामले में एक के बाद एक शिकायत के कारण गिरफ्तारी से बचने के लिए मम्पि ने बशीरहाट अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया और अग्रिम जमानत लेने चली गई। लेकिन अदालत ने उन्हें सात दिन जेल हैपजत की सजा सुनाई। मम्पि उस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट गए।

# राजद और कांग्रेस वाले ही हिन्दू मुस्लिम में झगड़ा कराते हैं: नीतीश

**● अनुसूचित जाति, जन जाति और अति पिछड़ों को 65 प्रतिशत, और गरीब सवर्ण को 10 प्रतिशत यानी 75 प्रतिशत आरक्षण दिया**



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** पश्चिमी चंपारण लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी डा.संजय जयसवाल के समर्थन में रक्सौल के भेलाही स्थित नथुनी दुर्गा हाई स्कूल के मैदान में गुरूवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस और राजद की तीखी आलोचना करते कहा कि हिन्दू मुस्लिम के झगड़े यही लोग कराते थे। हमने कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई। राज्य में महिलाओं को पंचायत में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। अनुसूचित जाति, जन जाति और अति पिछड़ों को 65 प्रतिशत, और गरीब सवर्ण को 10 प्रतिशत यानी 75 प्रतिशत आरक्षण दिया। जातीय जनगणना हमने कराया। आर्थिक जनगणना भी कराई। जिसमे पता लगा कि 95 लाख परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। उन्हे मदद दी जायेगी। उन्होंने ऐलान किया कि बिहार के प्रत्येक गरीब परिवार को दो लाख रुपए मिलेंगे। सभी पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनेगा। हम काम करने वाले हैं। आगे भी काम करेंगे। हमने बीच मे दो बार गलती किया है। इधर उधर चले गए। आश्वस्त करने आए हैं कि अब कहीं नही जायेंगे। दूसरी बार जब गए तो ई सब गड़बड़ करने लगा। चुनाव बाद सबका जांच कराएंगे। उन्होंने लालू परिवार पर निशाना साधते कहा कि 9/9गो बाल बच्चा पैदा किया। बेटा बेटी को ई ऊ बनाता रहता है। ऊ सब अंट संट बोलते रहता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए तो पूरा बिहार एक परिवार है। एनडीए ने ही बिहार का विकास किया है। उन्होंने कहा कि याद कीजिए 2005 से पहले राज्य में कैसी स्थिति थी.. कोई घर से निकल पाता था? कोई काम हुआ था? हमने करके दिखाया। यह कहने नही, महसूस करने की बात है। उन्होंने कहा कि आप सब गड़बड़ लोगों के चक्कर में मत आइए.. एनडीए को फिर से लाइए। उन्होंने डा संजय जायसवाल को विजयी बनाने की अपील करते हुए उपस्थित लोगों से हाथ उठा कर वोट देने के लिए आश्वस्त कराया। कहा कि देश पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ही आगे बढ़ेगा। देश में तीसरी बार एनडीए की ही सरकार बनेगी। बिहार में हम 40 में 40 सीट जीतेंगे। सभा को बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी, कृष्ण नंदन पासवान, राज्य सभा सदस्य संजय झा, सांसद सह भाजपा प्रत्याशी डा संजय जायसवाल सहित अन्य ने भी संबोधित किया।

# महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में 21 मई को प्रधानमंत्री मोदी का आगमन : सिग्रीवाल

संवाददाता

**महाराजगंज (सीवान)।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 मई को महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के गोरिया कोठी विधानसभा क्षेत्र में आज़ा खेल मैदान में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि यह महाराजगंज के लिए गौरव की बात है कि देश के प्रधानमंत्री का आगमन महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के गोरिया कोठी विधानसभा क्षेत्र में हो रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री का भाषण सुनने के लिए वह 21 मई को आज़ा खेल मैदान पहुंचे और अपना आशीर्वाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देने का कार्य करें। इस मौके पर जदयू के पूर्व विधायक हेम नारायण साह, जदयू नेता अभय कुमार सिंह, भाजपा नेता मोहन कुमार पदमाकर, छपरा की पूर्व मेयर राखी गुप्ता, वीरेंद्र ओझा, अवधेश पांडेय, सुप्रिया कुमारी, अमरजीत



सिंह, त्रिपुरारी शरण सिंह, मनीष सिंह, संजय सिंह राजपूत, अजय कुमार सिंह, राहुल सिंह, मदन यादव, मृत्युंजय राज सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। उदघाटन कार्यक्रम का संचालन प्रो० सुबोध कुमार सिंह ने किया। इसके पूर्व सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने महाराजगंज में अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन फीता काट कर किया और लोगों से अपने 10 साल के किए हुए कार्यों को गिनाते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पर का लक्ष्य पूरा करने में अपना वोट रूपी आशीर्वाद देने की अपील की।

## एक नजर

### जुवेंटस ने अटलांटा को हराकर अपना 15वां कोपा इटालिया खिताब जीता



**रोम।** जुवेंटस ने बुधवार को शुरूआती मिनटों में डुसान व्लाहोविक के गोल की बदौलत अटलांटा को 1-0 से हराकर अपना 15वां कोपा इटालिया खिताब हासिल किया। जुवेंटस ने इससे पहले 14 बार टूर्नामेंट जीता था और उनकी आखिरी जीत 2021 में हुई थी, जबकि अटलांटा ने 1962-63 सीजन में केवल एक बार खिताब जीता था। जुवेंटस ने मैच में स्वप्निल शुरूआत की। चौथे मिनट में ही डुसान व्लाहोविक ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। खिताबी जीत के बाद मुख्य कोच मैसिमिलियानो एलेग्री ने एक बयान में कहा यह एक महत्वपूर्ण मैच था, फाइनल खेलना हमेशा अद्भुत होता है। हम तीन कठिन महीनों से गुजरे जो बहुत विकास के थे। जुवेंटस एक महत्वपूर्ण क्लब है और हमें वह मिला जो हमें चाहिए था, चैंपियंस लीग और कोपा इटालिया फाइनल खेलना शानदार था।

### श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ एकदिवसीय और टी-20 मैच खेलेगी

**कोलंबो।** श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ 15 से 28 जून तक तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की मेजबानी करेगी। 20 जुलाई से श्रीलंका में होने वाले टी-20 एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर इस श्रृंखला को महत्वपूर्ण माना जा रहा। मार्च और अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के उनके सफल दौरे के बाद इस वर्ष यह श्रीलंका की महिला टीम की दूसरी द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखला होगी। श्रीलंका की टीम अगस्त में आयरलैंड का दौरे पर जायेगी। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने हाल ही में पाकिस्तान का एक महीने का दौरा पूरा किया जहां उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 सीरीज में जीत दर्ज की।

### वर्ल्ड एक्वेटिक्स ने भूटान में खोला दुनिया का सबसे ऊंचा प्रतियोगी स्विमिंग पूल

थिम्फू। वर्ल्ड एक्वेटिक्स ने भूटान में 2,400 मीटर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहली बार प्रतियोगी स्विमिंग पूल खोला है, जो क्षेत्र में जलीय खेलों को बढ़ावा देने के लिए पूल फॉर ऑल प्रोग्राम का एक हिस्सा है। तैराकी के वैश्विक शासी निकाय ने 2019 में कार्यक्रम शुरू किया,उद्घाटन समारोह में विश्व एक्वेटिक्स, भूटान ओलंपिक समिति, स्थानीय और क्षेत्रीय अधिकारियों, चार ओलंपिक खेलों के भूटानी राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्षों और भूटान पर्यटन विभाग के गणमान्य व्यक्तियों और अधिकारियों ने भाग लिया। भूटान ओलंपिक समिति के अध्यक्ष एचआरएच प्रिंस जिग्येल उग्येन वांगचुक ने देश के पहले स्विमिंग पूल के उद्घाटन की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थल भूटान में जलीय विज्ञान के लिए एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक है।

### फेडरेशन कप: नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में की वापसी



**भुवनेश्वर।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने बुधवार रात चल रहे फेडरेशन कप में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। चोपड़ा ने 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता डीपी मनु ने 82.06 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। उत्तम पाटिल ने 78.39 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता किशोर जेना पोडियम स्थान हासिल नहीं कर सके। नीरज ने फाइनल में 82 मीटर थ्रो के साथ शुरूआत की। हालांकि, डीपी ने अपने पहले प्रयास में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ बढ़त बना ली। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता का दूसरा प्रयास फाउल साबित हुआ, हालांकि तीसरे प्रयास में उन्होंने 81.29 मीटर थ्रो के साथ अच्छी वापसी की। हालांकि डीपी मनु अभी भी बढ़त बनाए हुए थे।

# विनेश ने तारीखों, स्थान और प्रारूप की घोषणा करने का किया आग्रह

- पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक
- पहले कुश्ती में छह 2024 ओलंपिक कोटा पर भारत की जीत पर खुशी व्यक्त की



**नई दिल्ली। एजेंसी**

विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट ने बुधवार को केंद्रीय खेल मंत्रालय, भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और अन्य संबंधित अधिकारियों से 2024 पेरिस ओलंपिक ट्रायल से पहले तारीखों, स्थान और प्रारूप की घोषणा करने का आग्रह किया है। पेरिस ओलंपिक 2024 का आयोजन इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होगा। विनेश ने केंद्र, डब्ल्यूएफआई, भारतीय ओलंपिक संघ और भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) से यह अपील करने के लिए सोशल साइट्स एक्स का सहारा लिया। उन्होंने सबसे पहले कुश्ती में छह 2024 ओलंपिक कोटा पर भारत की जीत पर खुशी व्यक्त की और कोटा विजेताओं को बधाई दी। विनेश ने बुधवार को एक्स पर लिखा प्रिय शुभचिंतकों, आपके अटूट समर्थन और हमारे एथलीटों के समर्पण के लिए धन्यवाद, भारत ने कुश्ती में कुल छह ओलंपिक कोटा हासिल किए हैं। मैं हमारे देश के लिए कोटा अर्जित करने वाले पांच उल्लेखनीय महिला पहलवानों और उत्कृष्ट पुरुष पहलवानों को हार्दिक बधाई देती हूं। उनकी कड़ी मेहनत, बलिदान और जीत ने न केवल भारतीय कुश्ती को गौरव दिलाया है, बल्कि देश भर में अनगिनत लोगों को प्रेरित भी किया है। उन्होंने आगे लिखा हालांकि, पेरिस ओलंपिक से सिर्फ तीन महीने दूर होने के बावजूद, भारतीय कुश्ती महासंघ ने अभी तक तारीख, समय और स्थान सहित आधिकारिक ट्रायल प्रारूप की घोषणा नहीं की है।

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि अन्य सभी महासंघों ने दिसंबर 2023 या नवीनतम जनवरी 2024 में एक स्पष्ट प्रारूप के साथ योग्यता मार्ग और परीक्षण प्रक्रिया की घोषणा कर दी है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने एनआरएआई की ओलंपिक चयन नीति को बरकरार रखा



**नई दिल्ली। एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा बनाई गई 2024 पेरिस ओलंपिक चयन नीति को बरकरार रखा है। कोर्ट ने यह आदेश एक शूटर द्वारा उसे ओलंपिक चयन ट्रायल में शामिल न किए जाने को लेकर दायर की गई याचिका खारिज होने के बाद सुनाया। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, एनआरएआई के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा ओलंपिक खेलों 2024 के लिए हमारी चयन नीति निष्पक्ष, उचित और पारदर्शी है। सभी एथलीटों को उचित मौका दिया गया है। निशानेबाजों के क्वालीफाई करने के लिए पॉलिसी अधिक समावेशी है। भारतीय निशानेबाजी दल ने 26 जुलाई, 2024 को शुरू होने वाले आगामी पेरिस 2024 खेलों के लिए प्रत्येक राष्ट्र के लिए अधिकतम 24 कोटा में से रिकॉर्ड 21 ओलंपिक कोटा स्थान हासिल किए हैं। जबकि राइफल और पिस्टल में से प्रत्येक ने अधिकतम आठ कोटा हासिल किए हैं। शॉटगन निशानेबाजों ने अब तक का अपना सर्वोच्च पांच कोटा हासिल कर लिया है। टीम चार ओलंपिक पदकों की संख्या में और पदक जोड़ने की कोशिश करेगी जो इस खेल ने अब तक इस प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता में जीते हैं।

## मैं एक दिन भारत के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं: प्रिंस दीप



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम इस महीने के अंत में होने वाले अपने यूरोप दौरे के लिए तैयारी कर रही है और टीम के गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह अन्य देशों की टीमों के खिलाफ खेलने का मौका पाकर रोमांचित हैं। रोहित की अगुवाई में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी। दौरे का हिस्सा बनने के लिए चुने गए बीस खिलाड़ियों में प्रिंस दीप सिंह भी शामिल हैं, जिन्हें गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निभाने के लिए बिक्रमजीत सिंह के साथ चुना गया है। पंजाब के पठानकोट जिले की एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले प्रिंस दीप सिंह ने 2016 में पहली बार हॉकी स्टिक उठाई थी। उन्होंने गुरुवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहाए मैंने टीवी पर भारतीय टीम को खेलते हुए देखा और विशेष रूप से पीआर श्रीजेश के खेल का शौकीन था। इससे हममें इस खेल को खेलने की इच्छा पैदा हुई। जैसे ही मैंने अपने दोस्तों के साथ खेलते हुए इसका आनंद लेना शुरू किया, मैं एक अकादमी में चला गया।

प्रिंस दीप सिंह धीरे-धीरे रैंक में आगे बढ़े और ग्वालियर में हुए 5वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलने से पहले मध्य प्रदेश में आयोजित दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकादमी नेशनल चैंपियनशिप 2022 में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी का प्रतिनिधित्व किया। जहां उनकी टीम ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने जून 2023 में राउरकेला, ओडिशा में हुई 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हॉकी पंजाब का भी प्रतिनिधित्व किया। हालांकि टीम पांचवें स्थान पर रही, प्रिंस दीप ने टूर्नामेंट के दौरान और साल भर अन्य घरेलू टूर्नामेंटों में अपने गोलकीपिंग कौशल से छाप छोड़ी, जिसके परिणामस्वरूप इस साल की शुरूआत में बेंगलुरु में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में उन्हें 40 सदस्यीय जूनियर पुरुष का हिस्सा बनने के लिए तैयार किया गया।

शिविर के दौरान अपने अनुभव को लेकर प्रिंस दीप ने कहा मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। देश के सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ियों में शामिल होने से आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं।

## जीडीएवी कॉलेज ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब



**नई दिल्ली। एजेंसी**

अमित रावत के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पीजीडीएवी कॉलेज ने गुरुवार को मोतीलाल नेहरू कॉलेज सांध्य को 2-1 से हरा कर प्रथम मोतीलाल नेहरू मेमोरियल इंटर कॉलेज फुटबॉल टूनामेंट का खिताब जीत लिया है। पीजीडीएवी कॉलेज ने पहले हाफ में ही 2 गोल से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में मोतीलाल नेहरू कॉलेज ने मैच शुरू होते ही गोल कर मैच को रोमांचक बना दिया लेकिन पीजीडीएवी कॉलेज के डिफेंडरों ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच 2-1 से जीत लिया। अमित रावत और निशांत ने पीजीडीएवी की तरफ से एक-एक गोल किया, जबकि मोतीलाल नेहरू कॉलेज सांध्य की तरफ से चेतन्य आहूजा ने एकमात्र गोल किया। अमित रावत को इस प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

मोतीलाल नेहरू कॉलेज सांध्य की प्राचार्य प्रो. विचित्रा गर्ग, प्रो. बलराम पाणी, (डीन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय), गिरीराज प्रसाद मीना, डॉ एमएस राठी ( सेवानिवृत्त , हेड ऑफ फि ज़िकल एजुकेशन ) ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

### टेलर फ्रिट्ज को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे अलेक्जेंडर ज्वेरेव

**रोम।** विश्व के 5वें नंबर के खिलाड़ी जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बुधवार रात अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने एक घंटे और 30 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मैच में अपनी मजबूत सर्विस और त्रुटिहीन बेसलाइन खेल की बदौलत अमेरिकी खिलाड़ी को 6-4, 6-3 से हराया। ज्वेरेव ने मैच जीतने के बाद एटीपी के हवाले से अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, यही वह शॉट है जिससे मैं या तो मैच जीतता हूं या हारता हूं। इसी तरह मेरा पूरा करियर रहा है। जब मैं उस शॉट को अच्छी तरह से मारता हूं, तभी मैं जीतता हूं। जब मैं इसे बहुत अच्छी तरह से नहीं मार रहा होता हूं, तब मैं हार जाता हूं। मैं अपने करियर में जिस शॉट पर सबसे अधिक काम कर रहा हूं, वह निश्चित रूप से मेरी सर्विस भी है। विश्व नंबर 5 ने उल्लेख किया कि इस पखवाड़े में उनकी अच्छी सर्विस ने उन्हें रैलियों में अधिक स्वतंत्र रूप से खेलने का मौका दिया है। ज्वेरेव ने कहा यही आपको बेसलाइन से शायद थोड़ा अधिक जोखिम लेने की सुरक्षा देता है।

## सुनील छेत्री ने संन्यास की घोषणा की,6 जून को आखिरी मैच खेलेंगे



**नई दिल्ली। एजेंसी**

दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री ने गुरुवार को अपने संन्यास की घोषणा कर दी। 6 जून को वह कुवैत के खिलाफ भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेलेंगे। छेत्री सिर्फ एक फुटबॉल स्टार नहीं हैं, बल्कि एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कड़ी मेहनत से क्या हासिल किया जा सकता है, इसका उदाहरण बनकर खुद को अगली पीढ़ी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की और 6 जून को कुवैत के खिलाफ साल्ट लेक स्टेडियम में घरेलू प्रशंसकों के सामने आखिरी बार नीले रंग में दिखाई देंगे। छेत्री की कहानी 19 साल पहले राष्ट्रीय राजधानी में शुरू हुई जब उन्होंने 2001-02 तक सिटी क्लब दिल्ली का प्रतिनिधित्व किया। भारत के पूर्व शीर्ष स्ट्राइकर बाईचुंग भूटिया ने उन्हें राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का नेतृत्व करने के लिए चुना। छेत्री ने 2011 एएफसी एशियन कप में भाग लिया और उन्हें पहली बार 2012 एएफसी चैलेंज कप क्वालीफायर में राष्ट्रीय टीम का कप्तान बनाया गया और 2012 में भारत को एक और नेहरू कप ट्रॉफी दिलाई। उन्होंने 2008 में भारत के साथ एएफसी चैलेंज कप जीता। उन्होंने 2011, 2015, 2021 और 2023 में सैफ चैंपियनशिप खिताब जीतकर भारत को दक्षिण एशियाई फुटबॉल में एक प्रमुख ताकत के रूप में स्थापित करने में मदद की। छेत्री ने 2007, 2009 और 2012 में भारत के साथ तीन नेहरू कप खिताब जीते।

वह दो भारतीय टीमों का हिस्सा रहे हैं जिन्होंने 2018 और 2023 में इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता। छेत्री ने 2023 में भारत को ट्राई-नेशंस कप भी दिलाया। छेत्री ने 2007, 2011, 2013, 2014, 2017, 2018-19 और 2021-22 सीजन में कुल सात बार प्रतिष्ठित ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब जीता है। उन्होंने 2009, 2018 और 2019 में एफपीएआई इंडियन प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता है।

छेत्री ने भारत सरकार के दो बड़े खेल सम्मान 2011 में अर्जुन पुरस्कार और 2021 में देश के सबसे बड़े खेल सम्मान खेल रत्न पुरस्कार भी जीते। उनके नेतृत्व में भारत ने 2018 के बाद 2023 में पहली बार शीर्ष 100 रैंकिंग में प्रवेश किया। अपने करियर में शुरूआती कदम उठाने के बाद, छेत्री ने 2002 में मोहन बागान के लिए एक पेशेवर के रूप में अपनी शुरूआत की। वह 2005 तक भारतीय फुटबॉल के इतिहास में सबसे प्रतिष्ठित क्लबों में से एक के साथ रहे, और 18 मैचों में आठ गोल किए। उन्होंने पूरे भारत की यात्रा की और जेसीटी (2005-08), ईस्ट बंगाल (2008-09), डेम्पो (2009-10), चिराग यूनाइटेड (2011), मोहन बागान (2011-12), चर्चिल ब्रदर्स (2013 ऋण पर) और बेंगलुरु (2013-15, 2016-वर्तमान) के लिए प्रदर्शन किया। उनका करियर सिर्फ भारतीय धरती तक ही सीमित नहीं था, वह यूएसए के मेजर लीग सॉकर क्लब कैनसस सिटी विजार्ड्स (2010) और पुर्तगाल क्लब स्पोर्टिंग सीपी (2012-13) जैसे विदेशी क्लबों के लिए भी खेले, जिससे उनके खेल में निखार आया और वह एक निपुण स्ट्राइकर बन गए। कुल मिलाकर, उन्होंने अपने दो दशक के करियर में 365 क्लब मैचों में 158 गोल किए हैं। उन्होंने जून 2005 में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भारत के लिए सीनियर स्तर पर पदार्पण किया और अपने पहले ही मैच में गोल किया। छेत्री ने भारत के लिए 150 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 94 गोल किए हैं, जिससे वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में चौथे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में वह केवल अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी (180 मैचों में 106 गोल) और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो (205 मैचों में 128 गोल) जैसे खिलाड़ियों से पीछे हैं। अपने क्लब करियर में छेत्री ने कई पुरस्कार जीते हैं। डेम्पो के साथ, उन्होंने आई लीग 2009-10 जीता, इसके बाद 2012-13 सीजन में चर्चिल ब्रदर्स के साथ जीत हासिल की। छेत्री की अधिकांश उपलब्धियां बेंगलुरु एफसी के साथ आई हैं जिनमें आई लीग (2013-14, 2015-16), इंडियन सुपर लीग (2018-19), फेडरेशन कप (2014-15, 2016-17), सुपर कप (2018) और डूरंड कप (2022) शामिल हैं।

# वाणिज्य

## शेयर बाजार पर दबाव, ऊपरी स्तर से लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी




**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बनता हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद मुनाफावसूली के चक्कर में बिकवाली का दबाव भी बना, जिसके कारण शेयर बाजार ऊपरी स्तर से नीचे गिर कर कारोबार करने लगा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजी, इंफोसिस, टेक महिंद्रा और एलटी माइंडट्री के शेयर 2.68 प्रतिशत से लेकर 1.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर मारुति सुजुकी, अडाणी एंटरप्राइज, श्रीराम फाइनेंस, डिवीज लेबोरेट्रीज और बजाज ऑटो के शेयर 1.80 प्रतिशत से लेकर 0.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,144 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,465 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 679 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 13 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 351.21 अंक की तेजी के साथ 73,338.24 अंक के स्तर पर खुला।

## गिरावट के बाद महंगा हुआ सोना, चांदी में भी तेजी



**नई दिल्ली। एजेंसी**

लगातार तीन दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू सराफा बाजार में सोना ने तेजी का रुख दिखाया है। सोना 400 रुपये से लेकर 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। भाव में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना एक बार फिर 73 हजार रुपये के स्तर को पार कर गया है। आज 24 कैरेट सोना 73,260 रुपये से लेकर 73,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है।

इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 67 हजार रुपये के स्तर को पार कर 67,160 रुपये से लेकर 67,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में आज करीब 400 रुपये की तेजी आई है। इसकी वजह से दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 87,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सप्ताह के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। ब्रेंड क्रूड 0.36 डॉलर यानी 0.44 फीसदी की उछाल के साथ 83.11 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.40 डॉलर यानी 0.51 फीसदी बढ़कर 79.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशिया में भी तेजी का माहौल



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में पॉजिटिव माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल तेजी के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती का रुख बना रहा। इसी तरह एशियाई बाजार भी आज तेजी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे हैं।

खुदरा महंगाई दर के आंकड़े आने के बाद अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बन गया। महंगाई दर के आंकड़े आने के बाद ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ गई है, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। डाउ जॉन्स 350 अंक की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.17 प्रतिशत उछल कर 5,308.15 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 231.21 अंक यानी 1.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,742.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39,949.16 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,445.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग– मिशन कर्मयोगी का सभी विभाग पूर्ण लाभ उठाएं : सुधांश पंत



चमकता राजस्थान

जयपुर, 16 मई। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं को लेकर ऐसी नीतियों, कार्यक्रमों और परियोजनाओं को आगे बढ़ाएं जिससे प्रदेश सुशासन तथा विकसित राजस्थान की दिशा में आगे बढे। उन्होंने अधिकारियों से आ''ान किया कि मिशन कर्मयोगी का पूरा लाभ उठाकर अपनी क्षमता में वृद्धि कर नवप्रवर्तनशीलता और पारदर्शिता के साथ जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

पंत गुरुवार को शासन सचिवालय में आयोजित सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थें। उन्होंने लंबित पत्रावलियों, ई-फाइल व डाक के औसत निस्तारण समय में कमी आने पर संतोष व्यक्त किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को ई-फाइल के निस्तारण समय में और सुधार हेतु निर्देशित किया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक सभी अधीनस्थ कार्यालयों, निगमों तथा स्वायत्त संस्थाओं को भी पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया जाये।

## वर्षा जल संचयन बने जन आन्दोलन

मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्थान में वर्षा जल के संचयन, भू-जल व सतही जल स्त्रोतों में पानी की उपलब्धता में वृद्धि के लिए सुधारात्मक कार्य करें। साथ ही विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के जरिये जल संरक्षण को जन आन्दोलन बनाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बावड़ियों, तालाबों, बांधों आदि जल संग्रहण के स्त्रोतों के रखरखाव के काम आगामी मानसून से पहले ही पूरे किये जाये जिससे वर्षा के जल का अधिकतम संग्रह किया जा सके। उन्होंने पेयजल, पौधारोपण, जल संरक्षण, शिक्षा जैसे विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

पंत ने पौधरोपण एवं उनके वितरण के लक्ष्यों को विशेष अभियान के तहत पूरा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के पश्चात भी लम्बे समय तक उसके रखरखाव के लिए लोगों को प्रेरित करें। यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

बैठक में नवीकरणीय ऊर्जा हेतु प्रस्तावित भू-नीति के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाए मौजूद हैं और राजस्थान इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में निवेशकों और सम्बंधित हितधारकों से संवाद कर उनके सुझावों को भी शामिल करें।

मुख्य सचिव ने डीपीसी व सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन परीक्षाओं के परिणाम जारी हो चुके हैं उन्हें निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर नियुक्ति पत्र शीघ्र जारी करने के प्रयास करें। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर परिवादों का औसत निवारण समय 50 दिवस से कम होकर 16 दिवस होने पर सराहना की साथ ही निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों का समयसीमा में निवारण कर आमजन को राहत प्रदान करें एवं विधानसभा से प्राप्त लंबित प्रश्नों के उत्तर जल्द भिजवाएं।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा श्रीमती शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन श्रीमती श्रेया गुहा तथा सम्बंधित विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### जवाहर कला केन्द्र में 19 से 28 मई तक होगा राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2024 का आयोजन

- रोजाना तीन लक्की ग्राहकों को मिलेंगे गिफ्ट हैम्पर
- 28 मई को 5 बम्पर ड्रॉ निकलेंगे

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** सहकारिता विभाग एवं राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ के संयुक्त तत्वाधान में 10 दिवसीय राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2024 का आयोजन 19 से 28 मई, 2024 तक जवाहर कला केन्द्र के दक्षिण परिसर में किया जाएगा। जिसकी आवशयक तैयारियां शुरू हो गई है।

सहकारिता क्षेत्र में राजस्थान देश का एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जो कई वर्षों से सहकार मसाला मेले का आयोजन करते हुए जयपुरवासियों को शुद्ध मसाले उपलब्ध कराने की पहल करता आ रहा है।

जयपुर में आयोजित होने वाले सहकार मसाला मेले का जयपुरवासियों को इन्तजार रहता है इस मेले की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन चुकी है। सहकार मसाला मेले का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा एवं प्रवेश निःशुल्क है। इस मेले के आयोजन से उत्पादक किसानों और आम नागरिक दोनों को ही लाभान्वित किया जाता है साथ ही जयपुरवासियों को शुद्ध मसालें एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाते है।

सहकार मसाला मेले में ग्राहकों हेतु लक्की बम्पर ड्रॉ एवं डेली ड्रॉ की व्यवस्था की है। जिसमें 28 मई को लक्की बम्पर ड्रॉ के अन्तर्गत 5 श्रेणियों में क्रमश वाशिंग मशीन, एलइडी टीवी, टेबलेट, स्पोर्टस साईकल एवं म्यूजिक सिस्टम शामिल है। डेली ड्रॉ के अन्तर्गत तीन श्रेणीयों में प्रथम श्रेणी को 5100, द्वितीय श्रेणी को 3100 एवं तृतीय श्रेणी को 2100 रूपये के गिफ्ट हैम्पर दिये जायेंगे।

### ब्रिटिश फैशन कंपनी 'एसोस'के प्रोडक्ट भारत में बेचेगा रिलायंस रिटेल



**चमकता राजस्थान। नई दिल्ली, 16 मई, 2024।** ब्रिटेन की मशहूर ऑनलाइन फैशन कंपनी एसोस के प्रोडक्ट भारत में बेचने के लिए रिलायंस रिटेल ने एक दीर्घकालीन साझेदारी की है। लाइसेंसिंग समझौते के तहत, रिलायंस रिटेल भारत में सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों पर एसोस के प्रोडक्ट्स ग्राहकों को उपलब्ध कराएगा। एसोस दुनिया भर के युवा फैशन-प्रेमियों के बीच खासा लोकप्रिय है। कंपनी के प्रोडक्ट 200 से अधिक बाजारों में उपलब्ध हैं। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी ने बताया कि हम अपने फैशन परिवार में एसोस का स्वागत करते हैं। वैश्विक फैशन रुझानों को भारत के बाजारों तक लाने के हमारे समर्पण में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह साझेदारी भारत के प्रमुख खुदरा बाजारों में हमारी मजबूत स्थिति को दिखाती है और यह सुनिश्चित करती है कि हमारे ग्राहकों की पहुंच अत्याधुनिक फैशन तक हो।

एसोस के सीईओ जोस एंटोनियो रामोस ने कहा, ''रिलायंस रिटेल के साथ मिलकर हम भारत में ग्राहकों के लिए अपने कुछ फैशन-आधारित ब्रांड लाने के लिए उत्साहित हैं, जिसमें एसोस डिज़ाइन भी शामिल है, जो इस पूरी दुनिया में सबसे बड़े ब्रिटिश फैशन ब्रांडों में से एक है।'' रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड , रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड समूह के तहत सभी खुदरा कंपनियों की होल्डिंग कंपनी है।

# देश में गठबंधन जीतेगा और सरकार बनाएगा : गहलोत

चमकता राजस्थान



अमेठी 16 मई। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और अमेठी लोकसभा के वरिष्ठ कांग्रेस पर्यवेक्षक अशोक गहलोत ने कहा कि देश में जिस तरह का माहौल व लोगों में आक्रोश भरी खामोशी दिख रही है उससे यह निश्चित हो गया है कि गठबंधन जीतेगा और देश में सरकार बनाएगा '

गहलोत आज अमेठी ब्लॉक के गांव गंगोली में जनसभा को संबोधित कर रहे थे ' उन्होंने कहा कि भाजपा के नापाक मंसूबों से देश का लोकतंत्र व संविधान ख़तरे में है, जिसको देश वासियों ने भांप लिया है और वे बदलाव के मूड में हैं '

गहलोत ने अमेठी से अपने 42 साल पुराने नाते को याद करते हुए कहा कि मैं राजीव गांधी के पहले चुनाव में एक महीने यहां रहा हूं और लोगों में गांधी परिवार के प्रति प्यार और अपनत्व को नज़दीक से देखा है वही जज्बा आज लोगों में दिखाई दे रहा कि, यह चुनाव जनता खुद लड़ रही है '

उन्होंने कहा कि अमेठी बहुत पिछड़ा और अविकसित क्षेत्र था जिसे गांधी परिवार ने समृद्ध व खुशहाल बनाते हुए इसकी पहचान देश दुनियां में बनायी है '

कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने 40 साल से समर्पित भाव से ज़मीन पर कार्य करने वाले व्यक्ति को टिकट देकर आम कार्यकर्ता सम्मान बढ़ाया है '

कांग्रेस न्याय पत्र को देश के भविष्य का रोड मैप बताते हुए कहा कि इसमें उल्लेखित गारंटिया, युवा, महिला, किसान, मज़दूर व कमजोर वर्ग को तो संबल देने वाली तो है ही, साथ ही विकास की नयी प्रतिबद्धता भी दिखाती है '

उन्होंने अपने काल में शुरू की गई राजस्थान की चिरंजीवीं स्वास्थ्य योजना में 25 लाख के निःशुल्क इलाज, वृद्धावस्था पेंशन, शहरी नरेगा का उल्लेख करते हुए बताया कि राजस्थान के इस लोक कल्याणकारी मॉडल को कांगेस ने न्याय पत्र में सम्मिलित किया है '

इस अवसर पूर्व राज्यमंत्री व अमेठी ब्लॉक प्रभारी रमेश बोराणा, प्रदेश सेवादल के अध्यक्ष व संयुक्त ब्लाॅक प्रभारी हेमसिंह गहलोत, अमेठी ब्लॉक अध्यक्ष डा.देवमणि तिवारी, विधा सभा प्रभारी वीरेंद्र मिश्रा ने भी संबोधित किया । अशोक गहलोत ने आज गंगौली, मधुपुर खदरी, बसायपुर, टिकिकया में जनसंपर्क किया।

# बेहतर ढंग से अंग्रेजी शिक्षा लागू करेगी भाजपा: लक्ष्मीकांत पारीक

## बिना अध्यापक अंग्रेजी स्कूल शुरू कर कांग्रेस सरकार ने बनाया था शिक्षण व्यवस्था को मजाक: लक्ष्मीकांत पारीक

चमकता राजस्थान

जयपुर। अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को हिन्दी मीडियम में बदलने की चर्चाओं के बाद कांग्रेस के प्रदर्शन पर तंज कसते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत पारीक ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने राज्य में बिना शिक्षक, बिना विद्यालय भवन और बिना आधारभूत ढांचे के अंग्रेजी स्कूल शुरू कर शिक्षण व्यवस्था को मजाक बना दिया था। अब भाजपा सरकार राज्य में अंग्रेजी शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए इसे बेहतर ढंग से लागू करेगी। उन्होंने कांग्रेस के प्रदर्शन पर कहा कि गुटो में बंटी कांग्रेस के नेता अपना अस्तित्व और साख बचाने के लिए बचाने धरने प्रदर्शन की राजनीति कर रहे है। वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी राज्य की शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए दिनरात मेहनत कर रहे है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत पारीक ने कहा कि कांग्रेस का प्रदर्शन सिर्फ राजनीतिक स्टंट है और राज्य की भजनलाल सरकार



- **गुटों में बंटे कांग्रेस नेता कर रहे दिखावटी विरोध प्रदर्शन: लक्ष्मीकांत पारीक**

और भाजपा कभी भी अंग्रेजी स्कूलों के विरोध में नहीं है, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस सरकार ने बिना ठोस नीति के जल्दबाजी में योजना चलाई उसे हमारी सरकार बेहतर ढंग से लागू करेगी। भाजपा हमेशा से ही इंग्लिश मीडियम स्कूल के पक्ष में रही है, लेकिन कांग्रेस सरकार को इंफ्रास्ट्रक्चर को देखकर इसकी घोषणा करनी चाहिए थी। इन स्कूलों में जो टीचर हैं, उन्हें इंग्लिश नहीं आती, क्लासेस नहीं हैं। कांग्रेस ने सिर्फ दिखावा किया, पिछले 5 साल में कांग्रेस सरकार ने एजुकेशन में कोई काम नहीं किया। भाजपा सरकार बनने के बाद शिक्षा प्राथमिकता में है इसलिए जो महसूस किया उससे सा×फ है कि कांग्रेस ने शिक्षा का कबाड़ा बिठा दिया। बच्चों को स्कूल छोड़ना पड़ रहा है, क्योंकि स्कूल तो खोल दिए, लेकिन टीचर नहीं हैं। कांग्रेस सरकार को इस योजना को लागू करने से पहले इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर अध्यापकों की ट्रेनिंग करवानी चाहिए थी, इंग्लिश पढ़ाने वाले अध्यापक होंगे, तभी बच्चे पढ़ेंगे।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत पारीक ने कहा कि कांग्रेसी नेताओं के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। वहीं कांग्रेस नेता अंग्रेजी स्कूलों को लेकर जनता में भ्रम फैला रहे है, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इन स्कूलों का रिव्यू करने के लिए कहा है ना कि इन्हें बंद करने के लिए। रिव्यू के बाद बेहतर तरीके से इन अंग्रेजी स्कूलों का संचालन किया जाएगा।

# सेवा भारती समिति राजस्थान द्वारा 13वाँ सामूहिक विवाह सम्मेलन

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** जानकी नवमी पर जयपुर शहर में सेवा भारती समिति राजस्थान के तत्वावधान में अनूठा एवं भव्य सामूहिक सर्वजातीय विवाह समारोह आयोजित किया गया। समारोह में एक ही मण्डप के नीचे अलग-अलग जाति के दूल्हा-दूल्हन परिणय सूत्र में बंधे। 45 जोड़ों का विवाह भारतीय संस्कृति के अनुरूप विधि विधान से सम्पन्न हुआ। इस विवाह समारोह में 7 अन्तरजातीय सहित कुल 15 जातियों के जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इसमें एक वर द्वारा विधवा से शादी की जो कि समाज के लिए एक उदाहरण भी था। सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह के माध्यम से सामाजिक समरसता, सादगी, समर्पण का दृश्य देखने को मिला । जहाँ आधुनिकता के चलते लोग लाखों रूपये खर्च करते है वहीं इस विवाह से सादगी का एक उदाहरण मिला।





- **सामूहिक निकासी, एक साथ तोरण**

एक साथ 45 घोड़ियों पर दूल्हों की निकासी अग्रवाल केटर्स, विधाधर नगर से प्रारम्भ होकर विवाह स्थल पहुंची, द्वार पर दूल्हों का स्वागत महिला कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा से किया गया। इसके बाद एक साथ सभी ने तोरण मारने की परम्परा का निर्वहन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में वर वधु पक्ष लोगों के साथ समाज के अन्य गणमान्य नागरिक भी मोजूद रहे। तोरण के बाद सभी दूल्हा दूल्हन मंच पर पहुंचे जहां दूल्हा-दूल्हन की वरमाला संस्कार सम्पन्न कराया गया।

राम जानकी विवाह समारोह में पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम ने मंचासिन संतों को नमन करते हुए नवविवाहित जोड़ों को शुभकामना संदेश दिया। उन्होंने कहा भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए पूर्वजों की परम्परा और संस्कारों को लेकर आदर्श हिन्दू परिवार की स्थापना करने का संकल्प ले और आगे बढ़े। इस दौरान उन्होंने सेवा भारती के कार्य की सराहना करते हुए कहा सेवा भारती कोई अलग से संस्था नहीं है। यह सर्व समाज का एक संगठन है जो अभावग्रस्त क्षेत्र जहां शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और रोजगार, स्वावलम्बन जैसे प्रकल्प संचालित करती है। उन्होंने कहा आज का यह कार्यक्रम कई विषयों को लेकर एक संदेश सब तक पहुंचाने वाला है हमे पर्यावरण, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार के तहत अनुशासन का ध्यान रखना होगा।

- **संतो का मिला आशीर्वाद -**

श्री खोजी द्वाराचार्य श्री श्री 1008 श्री रामरिज्याल दास महाराज (विवेणी धाम), श्री महापीठाधीश्वर काठियापरिवाराचार्य अनन्त श्री विभूषित स्वामी श्री रामरतनदेवाचार्य श्री महाराज, डाकोर धाम, गुजरात, वेदाती हरिशकर दास महाराज, सियाराम दास महाराज श्री धन्ना पाठीधीश्वर, श्री श्री 1008 बजरंग देवाचार्य महाराज श्रीराम धाम आश्रम, तामड़िया (निवाई), पूज्य संत श्री मुरली मनोहर अकिचन महाराज जयपुर नव दम्पत्तियों को मंगल आशीष प्रदान किया।

- **वर-वधुओं को दिया उपहार -**

सेवा भारती समिति राजस्थान की ओर से प्रत्येक वर वधु को उपहार दिये गये। उपहारों में पलंग, गद्दा, तकिये, अलमारी, सिलाई मशीन, कूलर, प्रेस, बर्तन, मिक्सी, बेडशीट, कंगन, पायल, मंगलसूत्र, नाक की लॉग, बिछिया, सुहाग का सामान, वधु के लिए साड़ियां, वर के लिए पेंट-शर्ट आदि सामान दिया गया।

- **13 वर्ष में सेवा भारती द्वारा करवाये गये विवाह**

इस विवाह समारोह की शुरुआत भवानी मण्डी से हुई । सेवा भारती के आज के सम्मेलन को मिलाकर 22 जिलों के 33 स्थानों पर 2420 जोड़ों का विवाह सम्पन्न करवाया जा चुका है। इस बार सेवा भारती का यह 13 वां श्री राम जानकी विवाह सम्मेलन था। इन जोड़ों की आगामी कुछ दिनों में पण्डित द्वारा मुर्हत निकालकर हर वर्ष की तरह पग फेरे की रस्म करवायी जाएगी जहां उन्हें उपहार देकर विदा किया जाएगा।

## समरसता का लिया संकल्प

» 45 जोड़ो के लिए 45 वेदियाँ बनाई गई। जहां दूल्हा–दूल्हन का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न करवाया गया। हर वेदी पर 2–2 पण्डितों ने मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान के साथ मंत्रोच्चार के साथ विवाह संस्कार सम्पन्न कराया । फेरों के बाद अशीर्वाद दिया गया। जिसमें वर–वधुओं ने संकल्प लिया वो सामाजिक समरसता के लिए काम करेंगे।

## इस विवाह द्वारा समाज के लिए कई संदेश -

सामूहिक विवाह के इस आयोजन से समाज में लोगों को कई प्रकार के संदेश दिये गये। समाज में वंचित निर्धन वर्ग के लोगों का विवाह करवाया गया। अंतर्जातीय विवाह से सामाजिक परिर्वतन की शुरूआत भी की गयी। सभी समुदाय, सभी जातियों के लोगों ने एक साथ भोजन किया। कहीं कोई छुआ छूत नहीं ना कोई ऊंच नीच का भाव दिखाई दिया। सर्वजातीय सामूहिक विवाह के माध्यम से एक नई क्रांति का सूत्रपात हुआ है। इस पूरे कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं ने तन-मन-धन से सहयोग करके मातृशक्ति की प्रबल सामर्थ्य का उदाहरण प्रस्तुत किया। वही समारोह में सहयोग देने से सम्पन्न लोगों में समर्पण भाव जागा और उन्होंने सादगी का संदेश भी दिया ।

प्रचार मंत्री रितु चतुर्वेदी ने बताया समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों, संघ प्रचारकों ने विवाह समारोह में उपस्थित हो वर-वधू को मंगल जीवन का आशीर्वाद दिया।

समारोह के विधिवत सम्पन्न कराने में नागरमल अग्रवाल, गिरधारी लाल शर्मा, नवल बगड़िया, हरि कृष्ण गोयल, कैलाश चंद शर्मा, ओमप्रकाश भारती, हनुमान सिंह भाटी का मार्गदर्शन एवं विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929